प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी



बंगाल-शाह के विश्वास पात्र बने भाजपा की जीत के शिल्पकार पेज- 2

www.newswani.in

संदिग्ध हालत में युवक ने लगाई फांसी पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 136 | गुरुवार 07 मई 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# सम्राट कैबिनेट में मंत्री के लिए निशांत कुमार के नाम का आया प्रस्ताव, नीतीश लेंगे अंतिम फैसला

(एजेंसी) पटना। बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में संभावित मंत्रियों की सूची में जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार का नाम आया है। निशांत के नाम का प्रस्ताव जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने दिया है। निशांत, सम्राट कैबिनेट में शामिल होंगे या नहीं, इस पर अंतिम फैसला नीतीश कुमार लेंगे। सम्राट कैबिनेट के नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण गुरुवार 7 मई को पटना के गांधी मैदान में होने जा रहा है। इससे पहले जदयू के संभावित मंत्रियों की सूची भी आई है।कैबिनेट विस्तार से एक दिन पहले पटना में सियासी हलचल काफी तेज है। ललन



सिंह और संजय झा, बुधवार सुबह पूर्व सीएम नीतीश कुमार से मिलने पटना के 7 सर्कुलर रोड स्थित उनके आवास पर पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं ने पार्टी कोटे के संभावित मंत्रियों की सूची जदयू अध्यक्ष को सौंपी है। अब नीतीश इस पर फाइनल मुहर लगाएंगे। खास बात यह है कि इस संभावित सूची में नीतीश के बेटे निशांत कुमार का नाम भी शामिल है।दरअसल, नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने और मुख्यमंत्री पद छोड़ने के फैसले के बाद ही निशांत ने सक्रिय राजनीति में कदम रखा था। जदयू में आने के बाद से वह लगातार पार्टी के कामकाज सीख रहे हैं। हाल ही में उन्होंने सद्भाव यात्रा शुरू की है, इसके तहत वह राज्य के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं। निशांत कुमार के सम्राट सरकार में डिप्टी सीएम बनने की चर्चा भी चल रही थी। हालांकि, बाद में बताया गया कि निशांत अभी सरकार में आने को तैयार नहीं हैं। 15 अप्रैल को जब मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शपथ ली थी, तब जेडीयू कोटे से दो डिप्टी सीएम बनाए गए थे। उनमें विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव शामिल हैं। अब तक ये तीनों नेता ही बिहार में सरकार चला रहे हैं। अब 7 मई को कैबिनेट विस्तार कर नए मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। सूत्रों के हवाले से नीतीश की पार्टी से जो संभावित मंत्रियों की सूची रिपोर्ट्स में चल रही है, उनमें पिछली नीतीश कैबिनेट के सभी चेहरों को रिपीट किया गया है। इसके अलावा कुछ नए चेहरों को भी मंत्रिमंडल में शामिल किया जा सकता है। संभावित सूची में श्रवण कुमार, अशोक चौधरी, लेशी सिंह, मदन सहनी, जमा खान और सुनील कुमार पुराने चेहरे हैं। वहीं, निशांत कुमार, शीला मंडल, रत्नेश सदा, दामोदर रावत, बुलो मंडल और भगवान सिंह कुशवाहा का भी नाम इसमें चल रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, नए मंत्रियों की फाइनल सूची जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार की मुहर लगने के बाद ही जारी की जाएगी। बुधवार रात या गुरुवार सुबह तक फाइनल मुहर लगने की संभावना है। निशांत कुमार सम्राट कैबिनेट में शामिल होंगे या नहीं, यह भी तब तक पूरी तरह साफ हो जाएगा।

# असम के मुख्यमंत्री पद से हिमंत विश्व शर्मा ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा, नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज

(एजेंसी) गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा



ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ इस्तीफा दे दिया, जिससे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में नयी सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने 126 सदस्यीय विधानसभा में 102 सीटें जीती हैं। असम में विधानसभा चुनाव नौ अप्रैल को एक चरण में हुए थे और मतगणना चार मई को हुई थी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने श्एक्सश् पर एक पोस्ट में कहा, श्असम चुनाव 2026 के परिणामों की औपचारिक अधिसूचना के बाद और नयी सरकार के गठन को सुगम बनाने के लिए डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने आज लोक भवन में माननीय राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया और साथ ही उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने भी इस्तीफा सौंप दिया।श् पोस्ट में कहा गया कि राज्यपाल ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और नयी सरकार के पदभार संभालने तक शर्मा से कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में बने रहने का अनुरोध किया है। बाद में लोक भवन के बाहर पत्रकारों से बातचीत में शर्मा ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह 11 मई के बाद होने की संभावना है। उन्होंने कहा, यह ऐतिहासिक जीत है, इसलिए हमने इस अवसर पर उपस्थित होने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया है। शर्मा ने बताया कि असम के नए मुख्यमंत्री का चयन केंद्रीय पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में भाजपा विधायक दल की बैठक में किया जाएगा।

# पंजाब ब्लास्ट पर अखिलेश यादव का बड़ा आरोप

## कहा- देश का गृह मंत्री इसके लिए जिम्मेदार

(एजेंसी) लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पंजाब में हुए धमाकों पर प्रतिक्रिया देते हुए बुधवार को कहा कि अगर कहीं भी कोई धमाका हुआ है तो उसके लिए गृह मंत्री जिम्मेदार हैं। यादव ने संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल पर कहा, ष्अगर कोई धमाका हुआ है... तो इसका जिम्मेदार कौन है? देश का गृह मंत्री। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अमृतसर और जालंधर में हुए धमाकों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा था कि भाजपा इस तरह पंजाब के आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। सपा प्रमुख ने कहा, क्या आपको पुलवामा या पहलगाम के बारे में पता चला था? जब आपको पुलवामा और पहलगाम के बारे में पता नहीं चला, तो आपको इसके बारे में भी पता नहीं चलेगा। पंजाब के जालंधर में सीमा सुरक्षा बल के पंजाब फ्रंटियर मुख्यालय और अमृतसर में सेना के छावनी क्षेत्र के पास मंगलवार रात को धमाके हुए थे।



# भारतीय कंपनियां अमेरिका में करेंगी 20.5 अरब डॉलर का निवेश, राजदूत सर्जियो गोर का बड़ा ऐलान

(एजेंसी) नई दिल्ली। भारतीय कंपनियां अमेरिका में टेक्नोलॉजी, मैन्युफैक्चरिंग, फार्मा और अन्य क्षेत्रों में 20.5 अरब डॉलर से ज्यादा निवेश करने की योजना बना रही है। यह बयान बुधवार को भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर की ओर से दिया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गौर ने लिखा कि एक ही दिन में 12 भारतीय कंपनियों ने 1.1 अरब डॉलर के नए निवेश की घोषणा की। साथ कहा कि यह निवेश अमेरिका में नौकरियां पैदा कर रहा है और दोनों देशों के बीच आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बना रहा है।उन्होंने आगे कहा कि यह निवेश इस बात का प्रमाण है कि जब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र आपस में व्यापार करते हैं, तो सभी को लाभ होता है। अमेरिकी राजदूत का यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और अमेरिका कई मोर्चों पर आर्थिक संबंधों को मजबूत कर रहे हैं, और दोनों देशों की मौजूदा सरकारें तेजी से द्विपक्षीय व्यापार, रक्षा सहयोग और प्रौद्योगिकी साझेदारी को आगे बढ़ा रही हैं। हालांकि, गौर ने उन 12 कंपनियों के नाम का ऐलान नहीं किया, जिन्होंने अमेरिका में निवेश का ऐलान किया है। अमेरिकी सरकार के आधिकारिक डेटा के मुताबिक, अमेरिका का भारत के साथ व्यापार घाटा मार्च 2026 में 3.8 अरब डॉलर रहा है, जो कि पिछले साल की समान अवधि के घाटे 7.4 अरब डॉलर से 48.64 प्रतिशत कम है। अमेरिकी सरकार की ओर से बताया गया कि मार्च 2026 में अमेरिका का भारत को निर्यात बढ़कर 4.3 अरब डॉलर हो गया है। वहीं, भारत से आयात 8.4 अरब डॉलर रहा है। भारत के साथ आयात-निर्यात में अंतर कम होने के बावजूद अमेरिका के व्यापार घाटे में बढ़ोतरी हुई है। मार्च में वस्तुओं और सेवाओं का कुल व्यापार घाटा बढ़कर 60.3 अरब डॉलर हो गया, जो फरवरी के संशोधित 57.8 अरब डॉलर से 2.5 अरब डॉलर अधिक है।

# ममता बनर्जी के इस्तीफे से इनकार पर धर्मेंद्र प्रधान का तंज

## कहा- बंगाल में लोकतंत्र को बंदूक की नोक पर रखा जा रहा

(एजेंसी) नयी दिल्ली केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की हठधर्मिता की आलोचना की क्योंकि उन्होंने निवर्तमान मुख्यमंत्री के रूप में राज्यपाल को स्वेच्छा से अपना इस्तीफा सौंपने की संभावना से इनकार कर दिया था। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस द्वारा जवाबदेही का विरोध और जनता के जनादेश को स्वीकार करने से इनकार करना इस बात का उदाहरण है कि बंगाल में लोकतंत्र को बंदूक की नोक पर रखा जा रहा है। धर्मेंद्र प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ष्बंगाल में लोकतंत्र को बंदूक की नोक पर रखा जा रहा है और चुनावी नतीजों को मानने से इनकार करना इस वास्तविकता को उजागर करता है। जनादेश को जनता की आवाज की बजाय ऐसे सुझावों की तरह माना जा रहा है जिन्हें अस्वीकार किया जा सकता है। ममता बनर्जी द्वारा जनादेश की भावना को स्वीकार करने से इनकार करना एक गंभीर प्रश्न उठाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, बंगाल की जनता को जनादेश के बाद विनम्रता की उम्मीद थी। लेकिन इसके बजाय हम तृणमूल कांग्रेस द्वारा जवाबदेही से बचने का प्रयास देख रहे हैं। सत्ता पर काबिज रहने की होड़ में ममता बनर्जी न केवल जनता के जनादेश को नकार रही हैं, बल्कि भारतीय चुनाव आयोग और सुरक्षा बलों जैसी संस्थाओं की विश्वसनीयता को भी धूमिल करने का प्रयास कर रही हैं, जिससे स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित करने वाले मूल स्तंभों को ही कमजोर किया जा रहा है। धर्मेंद्र प्रधान के अनुसार, बंगाल लंबे समय से एक ऐसे शासन मॉडल के अधीन रहा है जो धमकी, सिंडिकेट नेटवर्क और गहरे राजनीतिक संरक्षण से चिह्नित है। ममता का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा, उनका विरोध कोई अपवाद नहीं है। यह उसी व्यवस्था की सबसे स्पष्ट पुष्टि है। सच्चा लोकतंत्रवादी जनता के सामने झुकता है। तानाशाह जनता की परवाह किए बिना सत्ता से चिपके रहता है। उन्होंने कहा कि बंगाल का जनादेश डर



की अस्वीकृति, जबरदस्ती की अस्वीकृति और जवाबदेही की मांग है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, इसकी अनदेखी करना लोकतांत्रिक वैधता की बुनियाद को ही कमजोर करना है। भारत का संविधान शासन में हठधर्मिता को सद्गुण नहीं मानता। जवाबदेही अनिवार्य है और जनादेश पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। यह ऐसे समय में हुआ है जब भाजपा पश्चिम बंगाल में निर्णायक दो-तिहाई बहुमत के साथ अगली सरकार बनाने के लिए तैयार है, जिससे राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत हो जाएगा। 294 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 148 है। सोमवार को 293 निर्वाचन क्षेत्रों के परिणाम घोषित किए गए, जबकि दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा सीट पर 21 मई को पुनर्मतदान निर्धारित है। घोषित परिणामों में, भाजपा ने 206 सीटें हासिल कीं, जो तृणमूल कांग्रेस से काफी आगे है, जिसे केवल 81 सीटें मिलीं। तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी भवानीपुर सीट पर भाजपा के सुवेंदु अधिकारी से 15,000 से अधिक वोटों से हार गईं।

# वियतनाम के साथ भारत ठोस परिणामों की ओर अग्रसर, राष्ट्रपति टो लैम के साथ साझा प्रेस वार्ता में बोले पीएम मोदी

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वियतनाम के राष्ट्रपति टो लैम की मौजूदगी में हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाए गए। महत्वपूर्ण ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ। इसके बाद साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी ने इन समझौतों की अहमियत बताई। पीएम मोदी ने टो लैम का स्वागत करते हुए कहा, राष्ट्रपति टो लैम का भारत में स्वागत है। वियतनाम के राष्ट्रपति बनने के बाद इनका उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल और बिजनेस लीडर्स के साथ आना ये दर्शाता है कि वो हमें कितनी प्राथमिकता देते हैं। बोधगया से दोनों देशों के साझा संबंधों पर प्रकाश डालते हुए आगे कहा, इन्होंने भारत की यात्रा की शुरूआत बोधगया से की थी। यह हमारे दोनों देशों की आध्यात्मिक परंपराओं को दर्शाता है। हम अपने संबंधों को ठोस परिणामों में बदल रहे हैं। भारत



और वियतनाम की साझेदारी में विरासत और विकास का महत्व है। पिछले वर्ष जब भारत से बौद्ध अवशेष वियतनाम गए तो उनके दर्शन 1.5 करोड़ से अधिक लोगों ने किए थे, जो वियतनाम की कुल जनसंख्या का 15 फीसदी है। उन्होंने आगे कहा, हमारी साझा विरासत को जीवंत रखने के लिए, हम वियतनाम के प्राचीन चम्पा सभ्यता के मी सॉन और न्हान टवर मंदिरों का जीर्णोद्धार कर रहे हैं। अब हम चम्पा सभ्यता की पांडुलिपियों को भी डिजिटिलाइज करेंगे, और इस अमूल्य धरोहर को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करेंगे।ष् प्रधानमंत्री मोदी ने मजबूत होते ट्रेड संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हर क्षेत्र में हमारा सहयोग नए स्तर तक पहुंचेगा। भारत और वियतनाम का द्विपक्षीय व्यापार पिछले 1 दशक में दोगुना होकर 16 बिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। 2030 तक इसे 25 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं।बहुत जल्द वियतनाम भारत के अंगूर और अनार का स्वाद लेगा। हमें बहुत खुशी है कि दोनों देशों के बीच एयर कनेक्टिविटी लगातार बढ़ रही है।दोनों देशों के बीच कई अहम क्षेत्रों में बनी सहमति को लेकर पीएम मोदी ने कहा, ष्हमारी ड्रग अथॉरिटिज के बीच एमओयू से अब भारत की दवाइयों का वियतनाम में एक्सेस बढ़ेगा। भारत के कृषि, मत्स्य और पशु उत्पाद का भी, वियतनाम तक निर्यात और सुगम होने जा रहा है। एक्ट ईस्ट पॉलिसी का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा, वियतनाम भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और विजन महासागर का एक मुख्य स्तंभ है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भी हमारी समझ एक सी है। हम अपनी सुदृढ़ होती हुई रक्षा और सुरक्षा सहयोग से, कानून के राज, शांति, स्थिरता और समृद्धि के प्रति योगदान देते रहेंगे। वियतनाम के सहयोग से भारत, आसियान के साथ अपने संबंधों को भी और व्यापक बनाएगा।

# बिहार के छपरा में पिकअप वैन पलटने से उत्तर प्रदेश के चार आर्केस्ट्रा कर्मियों की मौत, छह घायल

(एजेंसी) छपरा। बिहार के सारण जिले के भगवान बाजार थाना क्षेत्र में बुधवार को एक तेज रफ्तार पिकअप वैन के अनियंत्रित होकर पलटने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना छपरा-रिविलगंज मार्ग पर भगवान बाजार थाना के पीएन सिंह कॉलेज के पास हुई है। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पिकअप में ऑर्केस्ट्रा कर्मी सवार थे। बताया गया कि एक मांगलिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देकर आर्केस्ट्रा टीम के लोग एक पिकअप वैन में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान न्याय बस्ती लोहा टोला के समीप पिकअप वैन अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। वाहन में कुल 10 लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पिकअप वैन तेज




रफ्तार से जा रही थी और सामने से उस समय एक ट्रक भी गुजर रहा था। इस दुर्घटना में घटनास्थल पर ही चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और राहत तथा बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को स्थानीय एक अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। पुलिस ने सभी मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस मृतकों की पहचान करने में जुटी है। इस दुर्घटना के बाद इलाके में शोक है। बताया जाता है कि मृतक उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और वाहन चालक का नियंत्रण खोना बताया जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# सम्पादकीय

## भाजपा के लिए दक्षिण का दुर्ग अभी भी मुश्किल क्यों?

जैसा कि सर्वविदित है कि पश्चिम बंगाल में पोरिबर्तन हो गया है। मै नफीस जाफरी आपको यहां यह बता दूं कि भाजपा सरकार बनाने जा रही है और 15 सालों से सत्ता में बैठी टीएमसी अब विपक्ष में बैठेगी। भाजपा ने विधानसभा की 294 में से 207 सीटें जीत ली हैं, जबकि टीएमसी 80 सीटों पर सिमट गई है। बंगाल में पहली बार सरकार बनाने जा रही भाजपा अपनी सरकार चलाने का ठिकाना भी बदलने की तैयारी कर रही है। वहीं बात अब पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा के प्रदर्शन की तो मालूम हो कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने जहां पश्चिम बंगाल में जीत की नई इबारत लिख दी है और असम में हैट्रिक लगाकर सभी आलोचकों के मुंह पर ताला लगा दिया है। लेकिन तमिलनाडु और केरलम का किला फतह करना अब भी भाजपा के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। तमाम कोशिशों के बावजूद पार्टी तमिलनाडु में महज एक सीट जीत पाई और तीन सीटों का घाटा हो गया। हालांकि केरलम में वह अपने तीन विधायकों को विधानसभा तक पहुंचाने में कामयाब हो गई है, जहां पिछली बार उसका सूपड़ा साफ हो गया था। केरलम में भाजपा के लिए अभी तक के चुनावों में कभी ये मुद्दा रहा ही नहीं है कि वह दक्षिण के इस छोटे से तटवर्ती राज्य में सत्ता की कुर्सी तक पहुंचेगी। आजादी के बाद से केरल की राजनीति कांग्रेस की अगुआई वाले युनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट और सीपीएम की अगुआई वाले लेट डेमोक्रेटिक फ्रंट के बीच झूलती रही है। इस बार भी एलडीएफ को पटकनी देकर यूडीएफ ने कुर्सी हासिल कर ली है। केरल की दो पार्टियों वाली राजनीति में भाजपा 80 के दशक से अपनी मौजूदगी दर्ज कराने का प्रयास कर रही है। वोट शेयर के मामले में उसने धीरे–धीरे सीढ़ियां चढ़ीं, लेकिन 2016 से पहले विधानसभा में वह अपना खाता नहीं खोल पाई। भाजपा में भाजपा केरल की दो पार्टियों वाली राजनीति में नया इतिहास रचा और एक सीट हासिल की। उस वक्त भाजपा के ओ राजगोपाल ने तिरुवनंतपुरम की `म सीट पर जीत हासिल की थी। 2021 के चुनाव में भाजपा के हाथों से ये इकलौती सीट भी फिसल गई। केरल में सीटों के मामले में भाजपा भले ही कंगाल रही हो, लेकिन वोटों के मामले में उसकी झोली धीरे–धीरे भर रही है। 1982 में जहां अपने पहले चुनाव में भाजपा को 2.8 फीसदी वोट मिले थे, वहीं 2016 में एक सीट के साथ उसके वोटों का शेयर बढ़कर 10 पर्सेंट से अधिक हो गया। 2021 में सीट भले ही छिन गई, लेकिन वोट शेयर बढ़कर 11.4 पर्सेंट हो गया। अब 2026 के चुनाव में भाजपा के वोटों की संख्या भले ही बढ़ोतरी नहीं हुई और कांटा 11.42 फीसदी वोटों पर अटका रह गया। लेकिन सीटों के मामले में वह खुद को लकी कह सकती है। केरल के इतिहास में भाजपा ने पहली बार 3 सीटें जीत ली हैं। `म से राजीव चंद्रशेखर के अलावा चितनूर से बीबी गोपाकुमार और कझकोट्टम से वी. मुरलीधरन बाजी मारने में कामयाब रहे हैं। नतीजों से उत्साहित केरल भाजपा के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने प्रेस कश्न्ीस में कहा कि कांग्रेस और सीपीएम कह रहे थे कि इस चुनाव में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिलेगी, ये हमारा उन्हें जबाव है। पुडुचेरी में एनडीए इस बार भी जीत का परचम लहराने में सफल रही है। एक जमाने में कांग्रेस के गढ़ रहे इस केंद्र शासित प्रदेश में 2021 के चुनावों में एनडीए ने शानदार प्रदर्शन किया था। 30 सीटों वाली विधानसभा में एनडीए गठबंधन ने 16 सीटों के साथ बहुमत का आंकड़ा पार किया था। खुद भाजपा के खाते में 6 सीटें आई थीं। उसके सहयोगी को 10 सीटें मिली थीं। अब 2026 के चुनावों में एनआरसी गठबंधन को 2 सीटों का फायदा हुआ है और उसकी सीटें 18 हो गई हैं। हालांकि भाजपा की अपनी सीटें 4 ही रह गई हैं। तमिलनाडु की बात करें तो वहां इस बार एक्टर विजय की पार्टी ने अपने पहले ही चुनाव में धमाका कर दिया है। पार्टी ने 108 सीटें जीत ली हैं। विजय ने डीएमके और एडीएमके दोनों की सीटों में सेंध लगाई है। सत्ताधारी डीएमके जहां 85 सीटों के नुकसान पर महज 74 सीटों पर सिमटती दिख रही है, वहीं एडीएमके को 22 सीटों का घाटा हुआ है और वह 53 सीटों पर जीत हासिल करने की तरफ बढ़ रही है। भाजपा की बात करें तो द्रविड़ राजनीति वाले इस राज्य में पार्टी का सफर काफी चुनौतीपूर्ण रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में पार्टी ने अपने वोटों की संख्या और सीटों में सुधार किया है। ऐतिहासिक रूप से बताएं तो भाजपा ने 1980 में अपनी सीापना के तुरंत बाद तमिलनाडु के विधानसभा चुनावों में हिस्सा लिया था। हालांकि न सीट मिली और न ही वोटों के मामले में कोई सफलता मिली। तमिलनाडु विधानसभा में भाजपा का पहला खाता 1996 में खुला था, जब सी वेलायुथम ने पद्मनाभपुरम से जीत दर्ज करके सदन में पहुंचे थे। उसके बाद 2001 में उसने अलग विचारधारा होने के बावजूद डीएमके से हाथ मिलाया और इस तरह पहली बार भाजपा के खाते में 4 सीटें आईं। लेकिन ये गठबंधन ज्यादा नहीं टिका। इसके बाद 20 साल तक पार्टी तमिलनाडु विधानसभा में पहुंचने के लिए संघर्ष करती रही। उसके वोट शेयर में तो मामूली बढ़ोतरी होती रही, लेकिन विधानसभा में कोई मौजूदगी दर्ज नहीं हो पाई। इसके बाद 2021 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने एआईडीएमके से गठबंधन किया। इस गठबंधन और पार्टी के प्रयासों से भाजपा 4 सीट जीतने में कामयाब रही। 2026 के चुनावों में भाजपा फिर से एआईडीएमके की जूनियर पार्टी बनकर तमिलनाडु के चुनाव में उतरी है। कुल 234 सीटों में से उसने सिर्फ 27 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। इनमें से ज्यादातर सीटें पश्चिमी और दक्षिणी इलाकों में शहरी क्षेत्र में हैं. हालांकि इस बार पार्टी को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई है और महज 1 सीट (उधाममंडलम) पर उसे जीत मिली है। यहां भी जीत का अंतर महज 976 रहा है। ये दिखाता है कि तमिलनाडु की राजनीति में अपने पैर जमाने के लिए भाजपा को अभी और मेहनत करने की जरूरत है।



नफीस जाफरी

# बंगाल-शाह के विश्वास पात्र बने भाजपा की जीत के शिल्पकार

गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणामों में भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत के पीछे पार्टी के चाणक्य और कई ऐतिहासिक विजय के शिल्पकार गृह मंत्री अमित शाह की कुशल रणनीति और अनुभव माना जा रहा है। अमित शाह पंद्रह दिनों तक पश्चिम बंगाल में डेरा डाले रहे। उन्होंने समन्वय किया और आवश्यक निर्देश दिए। रणनीति को ज़मीन पर उतारने के लिए लगातार संगठन की बैठकें कीं। वे देर रात तक पार्टी नेताओं के साथ बैठक कर उन्हें गाइड करते थे और दिन में रैलियों और रोड शो के माध्यम से प्रचार करते थे। उन्होंने बंगाल में पचास से भी अधिक रैलियां और रोड शो किए। जिसके बाद भाजपा ने ममता का यह क़िला तोड़ दिया। अमित शाह के साथ पांच केंद्रीय नेताओं की रणनीतिक भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। संगठन से लेकर सोशल मीडिया तक, इन्होंने टीम की तरह काम किया। बहरहाल, इस आलेख में हम चर्चा करते हैं बंगाल के चुनावी रण में भाजपा की जीत की पटकथा लिखने वाले अमितशाह के विश्वासपात्रों की तो गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में ऐतिहासिक जीत हासिल की है। इस जीत की कहानी लिखने में पार्टी के कई नेताओं का हाथ है। इनमें से एक नाम राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल का भी है। 57 वर्ष के सुनील बंसल को पर्दे के पीछे के खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है। मीडिया की सुर्खियों से दूर बंसल चुपचाप संगठन का काम करने वाले नेताओं में से जाने जाते हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा की चार लगातार जीत, ओडिशा और तेलंगाना में बेहतरीन प्रदर्शन और अब पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत के पीछे बंसल की भूमिका भी चर्चा होती है। आरएसएस के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत करने वाले बंसल राजस्थान के रहने वाले हैं। वे 1989 में राजस्थान यूनिवर्सिटी के महासचिव चुने गए। इसके बाद आरएसएस से जुड़ गए। 1990 में आरएसएस प्रचारक के तौर पर काम शुरू किया. बाद में, उन्होंने भाजपा के सदस्य के तौर पर सक्रिय राजनीति में कदम रखा। 2014 के चुनाव से पहले आरएसएस ने उन्हें भाजपा में भेजने का फैसला किया। वे उत्तर प्रदेश के सह संगठन मंत्री बनाए गए। इस दौरान अमित शाह राष्ट्रीय महासचिव के तौर पर उत्तर प्रदेश के प्रभारी थी। तब बंसल को शाह के साथ नजदीक से काम करने का अवसर मिला। उन्होंने अपनी संगठन क्षमता और अनुशासन से शाह को प्रभावित किया। विभिन्न क्षेत्रीय दलों को साथ लाना और बूथ तक पार्टी को मजबूत करने की शाह की योजनाओं को बंसल ने क्रियान्वित करने में भूमिका निभाइ।. पन्ना प्रमुख की शाह की रणनीति को जमीन पर उतारा। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को लागू किया। 2014 में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया और राज्य की 80 में से 73 लोक सभा सीटें जीतीं। इसके बाद बंसल को प्रमोट करते हुए यूपी का संगठन मंत्री बना दिया गया। 2017 के विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत का सेहरा बंसल के सिर भी बांधा गया। इसके बाद 2019 और 2022 के चुनाव में भी यूपी में पार्टी को जीत दिलाने में उनकी भूमिका रही। वे लगातार आठ साल तक यूपी में संगठन मंत्री रहे। इस दौरान योगी सरकार से संगठन के तालमेल की जिम्मेदारी भी संभालते रहे। 2022 में योगी सरकार की वापसी के बाद उन्हें दिल्ली लाया गया। वे जे पी नड्डा की टीम में राष्ट्रीय महासचिव बनाए गए। उन्हें ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल जैसे महत्वपूर्ण राज्यों का प्रभारी बनाया गया। बंसल ने ओडिशा का प्रभारी रहते हुए नवीन पटनायक का किला ठीक वैसे ही तोड़ा जैसा कि अब पश्चिम बंगाल का प्रभारी रहते हुए ममता बनर्जी के किले को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने ओडिशा में पार्टी के संगठन को मजबूत बनाया। भाजपा को ओडिशा में लोक सभा चुनाव में शानदार कामयाबी मिली। 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा ने 21 में से 20 लोक सभा सीटें जीतीं और विधानसभा में पूर्ण बहुमत हासिल कर राज्य में पहली बार सरकार बनाई। तेलंगाना में भी बंसल का संगठन कौशल काम आया। उनकी रणनीति ने चुनावी सफलता दिलाई और भाजपा को राज्य की 17 में से 8 सीटों पर जीत हासिल हुई। हालांकि उनके प्रभारी रहते हुए 2024 लोक सभा चुनाव में भाजपा पश्चिम बंगाल में 2019 का प्रदर्शन नहीं दोहरा सकी थी। तब भाजपा को 40. 64 प्रतिशत वोटों के साथ 18 सीटें मिली थीं। लेकिन 2024 में उसका प्रदर्शन गिरा और 38.73 प्रतिशत वोटों के साथ वह 12 सीटें ही जीत सकी। इसके बाद बंसल ने 2026 के विधानसभा चुनाव के लिए कमर कसी। मुद्दों की पहचान की। केंद्रीय नेतृत्व के साथ प्रदेश संगठन का तालमेल बेहतर किया। हाशिए पर गए नेताओं को साथ लिया। पार्टी को एकजुट किया। बूथ स्तर तक अभियान चला कर पार्टी को मजबूत किया गया। एसआईआर में संगठन को सक्रिय किया। डेटा और माइक्रो मैनेजमेंट का काम किया। हर विधानसभा के जातिगत समीकरणों, स्थानीय मुद्दों और उम्मीदवारों की लोकप्रियता का गहरा विश्लेषण किया गया। आरएसएस के साथ भी तालमेल बैठाया और उम्मीदवार चयन में फीडबैक लिया। शाह के पंद्रह दिनों के राज्य प्रवास में उनके साथ नजदीक से तालमेल किया। उनके निर्देशों को अमलीजामा पहनाया। नाराज नेताओं को मनाना और चुनाव लड़ने में आ रही दिक्कतों को दूर करने की जिम्मेदारी भी संभाली। बंसल ने राज्य के चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और सह प्रभारियों त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब और आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय के साथ मिल कर पश्चिम बंगाल की जीत की अमित शाह की रणनीति को जमीन पर उतारने का काम किया। यही कारण है कि पार्टी को ऐतिहासिक सफलता हासिल हुई। सुनील बंसल की कार्यशैली शांत रहकर संगठन को मजबूत करने की है। उन्हें भाजपा का वह इलेक्शन इंजीनियर माना जाता है। वे कठिन राज्यों में भी पार्टी के सांगठनिक ढांचे को खड़ा करने और उसे चुनावी मशीनरी में बदलने में माहिर हैं। दिलचस्प बात यह है कि उनका नाम जे पी नड्डा के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के लिए भी लिया जाता था। हालांकि अब यह जिम्मेदारी नितिन नवीन को दी गई है। इसी तरह राजस्थान में सरकार बनने पर मुख्यमंत्रियों के संभावित नामों में बंसल का नाम भी शामिल था। हालांकि इसमें भजन लाल शर्मा बाजी मार ले गए। अगले साल फरवरी में पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा तथा नवंबर–दिसंबर में दो राज्यों गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें पंजाब और हिमाचल प्रदेश को छोड़ कर बाकी सभी राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। पार्टी के सामने चुनौती अपनी सरकारें बचाने के साथ ही पंजाब और हिमाचल प्रदेश में सरकार बनाने की भी है। अब देखना होगा कि बंसल को पार्टी क्या जिम्मेदारी देती है? धर्मेंद्र प्रधान ने पूरे चुनाव अभियान के मुख्य रणनीतिकार के रूप में काम किया। उन्होंने विभिन्न समुदायों और सामाजिक वर्गों के बीच समन्वय बिठाने का काम किया। उनकी भूमिका मुख्य रूप से केंद्र और राज्य इकाई के बीच एक पुल की तरह थी, जिससे संसाधनों और केंद्रीय नेतृत्व के दौरों का सही प्रबंधन हो सका। संगठनात्मक कौशल में माहिर भूपेंद्र यादव ने माइक्रो–मैनेजमेंट पर ध्यान दिया। उन्होंने बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और चुनावी कानूनी पेचीदगियों को संभालने में बड़ी भूमिका निभाई। बिहार और अन्य राज्यों का उनका अनुभव बंगाल के चुनौतीपूर्ण चुनावी माहौल में काफी काम आया। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब देब को वामपंथी शासन के खिलाफ लड़ने और उसे उखाड़ फेंकने का सीधा अनुभव था। बंगाल में उन्होंने विशेष रूप से उन क्षेत्रों में काम किया जहाँ की संस्कृति और भाषा त्रिपुरा से मिलती–जुलती है। उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं में जोश भरने और आक्रामक प्रचार शैली को अपनाने में मदद की। अमित मालवीय ने डिजिटल मोर्चे पर नैरेटिव की लड़ाई का नेतृत्व किया। संदेशखाली से लेकर आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज जैसी घटनाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से जन–जन तक पहुँचाने और सरकार विरोधी माहौल बनाने में उनकी भूमिका निर्णायक रही। उन्होंने टीएमसी के प्रचार तंत्र का डिजिटल माध्यमों से कड़ा मुकाबला किया। इन नेताओं के सामूहिक प्रयासों ने ही पश्चिम बंगाल के दुर्ग में इस स्तर तक पहुंचाने में सफलता दिलाई है।

# "ममता के बाद अब अखिलेश का नंबर"

फरीद वारसी

पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद भाजपा मुख्यालय में उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन (संशोधन) विधेयक का विरोध की कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और अन्य दलों को कड़ी सजा मिली है। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी (सपा) को भी जल्द ही महिलाओं के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। उनका इशारा उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों की ओर था। गौरतलब है कि भाजपा ने बंगाल का किला फतह कर लिया है। अब देश के 22 राज्यों में भाजपा और एनडीए की सरकार है। भारत के नक्शे पर इसे देखें तो उत्तर–दक्षिण के कुछ हिस्सों को छोड़कर बाद बाकी पूरा देश भगवामय नजर आता है। बंगाल के प्रचंड विजय के बाद अब भारतीय जनता पार्टी की देश से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की तरह शिट हो गई है। यूपी में अगले साल विधानसभा का चुनाव होना है। जिसके लिए भाजपा अभी से रणनीति बनाने में जुट चुकी है। यूपी में इस समय योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। यहां विपक्ष की भूमिका में समाजवादी पार्टी हैं। जिसके नेता अखिलेश यादव पीडीए वोटरों को एकजुट करते हुए भाजपा को कड़ी चुनौती देने की तैयारी में जुटे हैं। लेकिन अखिलेश की चुनौती कितनी बड़ी होगी, यह कहना मुश्किल है। जैसा कि उल्लेखनीय है कि बंगाल, असम में मिली धमाकेदार जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यूपी चुनाव के लिए बड़ा हिंट दे दिया। 5 राज्यों के नतीजों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, जीत और हार लोकतंत्र और राजनीति का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन इन पांच राज्यों की जनता ने दुनिया को दिखा दिया है कि क्यों हमारा देश लोकतंत्र की जननी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा, "नारी शक्ति अब तेजी से एक विकसित भारत के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रही है। हालांकि, कुछ दिन पहले कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने महिला शक्ति की इस गति को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी (सपा) को भी जल्द ही महिलाओं के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। उनका इशारा उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों की ओर था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "इन महिला विरोधी दलों ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन को पारित होने नहीं दिया। इसीलिए मैंने कुछ दिन पहले कहा था कि इस (संशोधन) विधेयक का विरोध करने वाले दलों को महिलाओं के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा।आज बहनों और बेटियों ने कांग्रेस, तृणमूल और द्रमुक को सबक सिखा दिया है। यूपी चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "संसद में महिलाओं के लिए आरक्षण को रोकने वाली समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश की महिलाओं के विरोध का सामना करना पड़ेगा। महिला विरोधी समाजवादी पार्टी चाहे कुछ भी कर ले, वह अपने पापों को कभी नहीं धो पाएगी। वहीं दूसरी ओर यह किसी से छिपा नहीं है कि जब से केन्द्र में मोदी सरकार आई है तब से देश में भाजपा की राजनीतिक जमीन का दायरा बढ़ता जा रहा है और केन्द्र में कांग्रेस की सरकार ढहने के बाद राज्य में विपक्षी सरकारें ताश के पत्तों की तरह बिखरती नजर आ रही हैं, जो लोकतंत्र के शुभ संकेत नहीं हैं क्योंकि लोकतंत्र को मजबूत रहने के लिए विपक्ष का मजबूत रहना जरूरी होता है। भाजपा ऐसे राज्यों में अपने बलबूते पर सरकार बनाने और अपना मुख्यमंत्री नियुक्त करने में सफल रही है जहां वह पहले कमजोर मानी जाती थी, मसलन असम, ओडिशा, त्रिपुरा, महाराष्ट्र, बिहार, हरियाणा, नागालैंड और मेघालय इत्यादि। अब पश्चिम बंगाल में भी ममता बनर्जी हार गईं हैं। पांच राज्यों के चुनाव के बाद अगले साल उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में चुनाव होने हैं, इसके बाद तुरंत गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भी चुनाव होने हैं। बंगाल में फतह के बाद भाजपा का जोश हाई है। इसका असर विपक्षी पार्टियों पर भी पड़ सकता है। हालांकि विपक्ष की दो ही जगह सरकार है, एक हिमाचल और दूसरा पंजाब–लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव काफी जोश में हैं। 2024 के चुनाव में शानदार प्रदर्शन के बाद अखिलेश को लग रहा है कि 2027 के चुनाव में कड़ी टक्कर होगी, लेकिन बंगाल के चुनाव नतीजों से उन पर मानसिक दबाव बढ़ सकता है, क्योंकि लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा झारखंड छोड़कर महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली, हरियाणा और पश्चिम बंगाल में लगातार बढ़त बना रही है। वहीं विपक्ष से चूक हुई है कि पश्चिम बंगाल में विपक्षी एकता क्यों नहीं बन पाई और असम में बदरुद्दीन अजमल की अगुवाई वाली एआईयूडीएफ से गठबंधन क्यों नहीं हो पाया। पश्चिम बंगाल की लड़ाई भी आसान नहीं थी। जब सरकार ने महिला आरक्षण बिल लेकर आई तो विपक्ष ने उसे हल्के में लिया, लेकिन वह यह समझ नहीं पाया कि भाजपा महिला वोटरों को अपनी तरफ खींचने की बड़ी रणनीति बना रही है। वहीं संगठनात्मक बदलावों को भी विपक्ष ठीक से नहीं समझ पाया। अमित शाह ने पश्चिम बंगाल में चुनाव जीतने के लिए पूरा जोर लगाया और जिस तरह से शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए पैरामिलिट्री फोर्स लगाई गई, उससे मतदाता में भरोसा बढ़ा और पिछली बार की तरह हिंसा की स्थिति नहीं बनी।

## क्या खास कारण हैं मिडल क्लास की आर्थिक तंगी के

डा. वरिन्द्र भाटिया

भारतीय समाज में मिडल क्लास लोगों की हर वक्त आर्थिक हालत तंग रहना एक आम बात हो गई है। उनकी इस तंगी के लिए महंगाई के अलावा उनकी खुद की गलतियां भी जिम्मेदार हो सकती हैं। ये कौन–सी गलतियां हैं, जो उनकी पैसों की तंगी खत्म नहीं होने देतीं? सबसे पहले तो मिडल क्लास की सबसे बड़ी दिक्कत पैसा कम कमाना नहीं, बल्कि कमाए हुए पैसे को गलत जगह फंसाना है। इनकी पहली गलती है दिखावे पर खर्च करना। महंगा फोन, कर्जे पर बड़ी गाड़ी, महंगी शादी, टौरबाजी पर खर्चा इत्यादि ये सब समाज को दिखाने के लिए लिया जाता है। लोन की किस्त भरते–भरते कई साल निकल जाते हैं और कुछ भी पास नहीं बचता। बुद्धिमान लोग पहले आमदनी के जरिए बनाते हैं, फिर उससे लाइफस्टाइल खरीदते हैं। मिडल क्लास उल्टा करती है, यह क्लास पहले लाइफस्टाइल बनाती है, फिर जिंदगी भर उसकी लागत चुकाती है। दूसरी गलती है एक ही इंकम सोर्स पर टिके रहना। नौकरी गई तो पूरा घर हिल जाता है। साइड इंकम, स्किल, फ्रीलांस, छोटा बिजनैस, इन पर ध्यान नहीं दिया जाता क्योंकि उनके पास इन कामों के लिए 'टाइम नहीं है'। परंतु वैब सीरीज, टी.वी. पर मैच देखने और बेवजह मोबाइल चलाने के लिए, फिजूल की चीजों पर पैसा उड़ाने के लिए टाइम है। मिडल क्लास की तीसरी बड़ी गलती है सेविंग को निवेश समझना। फिक्स डिपॉजिट, सेविंग अकाऊंट, या सोना लॉकर में रखकर लगता है पैसा सेफ है। यह बुरा नहीं है, पर महंगाई 6 प्रतिशत है और फिक्स डिपॉजिट 7 प्रतिशत दे रहा है। टैक्स काटकर रिटर्न नैगेटिव हो जाता है। इस तरह पैसा बढ़ता नहीं, धीरे–धीरे घटता है। हो सकता है इक्विटी, रियल एस्टेट, स्किल में पैसा लगाने का डर मिडल क्लास को कमजोर रखता हो। चौथी गलती है इंश्योरैंस और एमरजैंसी फंड न रखना। एक मैडिकल बिल या जॉब लॉस सारी सेविंग खा जाता है। फिर पर्सनल लोन, क्रैडिट कार्ड के जाल में फंस जाते हैं। 6 महीने का खर्च अलग रखना और 25 लाख का हैल्थ कवर बेसिक है, पर ज्यादातर लोग इसे टालते हैं। पांचवीं गलती है बच्चों की पढ़ाई और शादी के लिए बेवजह कर्ज लेना। एजुकेशन लोन तो ठीक है, पर प्राइवेट कॉलेज में 40 लाख फीस देकर 30 हजार की नौकरी मिले तो क्या ठीक है? आजकल शादी में दिखावे के लिए जायदाद बेच देना, मोटा कर्ज लेना इत्यादि क्या बुद्धिमता है? छठी गलती है मिडल क्लास में वित्तीय साक्षरता की कमी होना। टैक्स बचाने के लिए बेकार बीमा पॉलिसी ले लेना, दोस्त की सलाह पर शेयर में पैसा फंसाना या कमेटी और चिट फंड में उलझ जाना। हम समझ लें कि पैसा कमाने से ज्यादा जरूरी है पैसे की ठीक तरीके से संभाल करना सीखना, पर स्कूल–कॉलेज में यह कोई ज्यादा सिखाता नहीं। मिडल क्लास के लोग अच्छा कमाने के बाद भी पैसे की दिक्कत में इसलिए रहते हैं क्योंकि इंकम बढने से पहले लाइफस्टाइल बढ़ जाता है। इसे लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन बोलते हैं। पहले 40 हजार कमाते थे तो स्कूटी से काम चलता था, 1 लाख होने पर लगता है कार तो जरूरी है। फिर कार ली तो किस्त आई, पैट्रोल, मेंटेनैंस, पार्किंग का खर्चा अलग। यदि सैलरी बढ़ कर हुई 70 हजार, खर्चा बढ़ गया 95 हजार, तो इससे कुछ भी नहीं सुधरता। आजकल मिडल क्लास के ज्यादातर लोगों को पैसा नियंत्रित करना नहीं आता। पैसा कमाना एक स्किल है और बचाना, इन्वैस्ट करना दूसरी जरूरी स्किल। हम स्कूल–कॉलेज में सब कुछ पढ़ते हैं, पर व्यापार के छात्रों के अतिरिक्त अन्य छात्रों को बजट बनाना, टैक्स सेव करना, एमरजैंसी फंड रखना कोई नहीं सिखाता। ये स्किल्स ज्यादा जरूरी हैं। आर्थिक योजना की कमी के कारण भी अनेक अच्छी सैलरी वाले लोग सोचते हैं कि अभी तो आ रहा है, बाद में बचा लेंगे। पर बचाने वाला कल कभी भी नहीं आता है। असल में मिडल क्लास आर्थिक दृष्टि से कमजोर नहीं, बस उनके पैसे का प्रबंध ठीक नहीं होता। जब तक हम खर्च से पहले निवेश नहीं करेंगे, फिजूल खर्ची से किनारा नही करेंगे, तब तक आथ्थक हालत नहीं सुधरेगी।

## तंबौर इंटर कॉलेज में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

### – साइकिल समेत पुरस्कार वितरित

फोटो परिचय–22

न्यूज वाणी ब्यूरो




तंबौर, सीतापुर। तंबौर के विरेन्द्र सिंह शंकुतला देवी इंटर कॉलेज में मेधावी विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह किया गया छात्र छात्राओं को सिल्ड, मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। वहीं इंटर कॉलेज का छात्र जियाउद्दीन को एक साइकिल मेडल सिल्ड उपहार से नवाजा गया। वहीं सभी मेधावी विद्यार्थियों को उपहार दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमाकांत वर्मा, तंबौर थाना प्रभारी बृजेश कुमार राय, विद्यालय प्रबंधक सत्येन्द्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र मणि बाजपेई, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सलिल श्रीवास्तव, वरिष्ठ मास्टर नरेंद्र सिंह, राम सिंह, तेजपाल, कौशलेंद्र सिंह, अफजाल हुसैन एवं सभी विद्यालयों का स्टाप मौजूद रहा।

## हरिओम मिश्र राजेन्द्र के प्रयासों से फिर जगा शिक्षा का दीप

### - राजकीय महिला महाविद्यालय में शुरू हुआ नामांकन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। कभी खामोशी में डूबा, वीरान खड़ा एक महाविद्यालय जिसकी दीवारें सालों तक छात्राओं की आहट का इंतजार करती रहीं। जनपद मुख्यालय के शेख सराय काजियारा, पुराने सीतापुर में स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय लगभग एक दशक तक बनकर भी बंद पड़ा रहा। मानो शिक्षा का मंदिर अपने ही द्वार बंद किए बैठा हो। यह वही महाविद्यालय है, जिसकी जरूरत हर उस बेटी को थी जो आगे पढ़ना चाहती थी, लेकिन सीटों की कमी और आर्थिक तंगी के चलते अपने सपनों से समझौता कर लेती थी। कई छात्राओं को मजबूरी में दूसरे जनपदों का रुख करना पड़ता था, जबकि अनेक बेटियां घर की चौखट तक ही सीमित रह जाती थीं लेकिन अब तस्वीर बदल चुकी है। वर्षों के लंबे इंतजार और संघर्ष के बाद इस बंद पड़े महाविद्यालय के दरवाजे आखिरकार खुल गए हैं। इस बदलाव के पीछे लोक निर्माण संघ




के संस्थापक अध्यक्ष हरिओम मिश्र राजेन्द्र का लगातार प्रयास और जिद सबसे बड़ा कारण बनकर सामने आई है। बताया जाता है कि हरिओम मिश्र ने इस मुद्दे को लगातार उठाया, शासन–प्रशासन तक आवाज पहुंचाई और हार नहीं मानी। उनके इसी संघर्ष का परिणाम रहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग सक्रिय हुआ और इस महाविद्यालय को संचालित करने की प्रक्रिया शुरू हुई। अब वर्ष 2026–27 के लिए यहां नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो जनपद की बेटियों के लिए किसी नई सुबह से कम नहीं है। महाविद्यालय परिसर में महिला छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे दूर–दराज क्षेत्रों की छात्राओं को रहने की परेशानी नहीं होगी। हरिओम मिश्र राजेन्द्र ने इसे जनपद की बेटियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि अब सीतापुर की बेटियों को शिक्षा के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। यह महाविद्यालय उनके सपनों को साकार करने का माध्यम बनेगा, खासकर उन परिवारों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। आज यह महाविद्यालय सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि उम्मीद की एक नई किरण बन चुका है। जहां से हजारों बेटियों के सपनों को उड़ान मिलेगी।

## रेवसा मोड़ चौराहे पर दीपक सिंह ने किया मंत्री का किया स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। तंबौर के रेउसा मोड़ पहुंचे भाजपा के फायर ब्रांड नेता केन्द्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद एवं प्रदेश राज्यमंत्री सुरेश राही, भाजपा नेता दीपक सिंह दीपू भैय्या ने जगह–जगह स्वागत का कार्यक्रम किया।



कार्यकर्ताओ के साथ भाजपा नेता दीपक सिंह ने फूल–मालाओं से किया। भव्य स्वागत तंबौर के रेवसा चौराहे पर दीपक सिंह ने आतिशबाजी के साथ किया जितिन प्रसाद का किया स्वागत भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला व पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष रामजीवन जायसवाल रहे मौजूद लेकिन तंबौर सहित क्षेत्र में एक चर्चा का विषय बना रहा कि तंबौर बेहटा मंडल सहित क्षेत्रीय भाजपाई कहीं नजर नहीं आए जो काफिला सीतापुर से चलकर आया उसके बाद सुल्तानापुर निवासी दीपक सिंह दीपू भैय्या की अगुवाई में सकरन क्षेत्र के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर सुरेन्द्र रस्तोगी, रामचंद्र सिंह नंदराम यज्ञसैनी सत्यप्रकाश सिंह, पीके दीक्षित, दीपक जायसवाल, भानू जायसवाल, सलिल श्रीवास्तव, सामून, सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा की यही पुकार बिना हेलमेट सब बेकार

### – कॉलेज में यातयात के सिखाए नियम

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज के स्वयंसेवक सेविकाओं द्वारा रैली को मोहल्ला बसैया टोला गनी टोला काजी टोला मोहल्ले से होती हुई आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में समापन किया गया। समापन के अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने यातायात के विषय में अपने विचार व्यक्त किया। बच्चों को यातायात के नियमों पर चलने के लिए तथा दूसरे लोगों को भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए बताया। अन्य सहायक अध्यापकों ने रैली में प्रति भाग किया स्वयंसेवक सेविकाओं ने नारे लगाए। सड़क सुरक्षा की यही पुकार बिना हेलमेट सब बेकार। आपका भविष्य आपके हाथ. .पया हेलमेट रखें साथ रेड लाइट कर रखें ध्यान .वरना कट जाएगा चालान अन्य सहायक अध्यापकों ने भी यातायात पर अपने विचार व्यक्त किया और रैली में अपना प्रति भाग किया जिससे सरकार की यातायात सुरक्षा नियमावली में सहयोग प्रदान होगा और ग्रामीण जनता को काफी राहत मिलेगी कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानाचार्य ने अपने विचार व्यक्त किया और कार्यक्रम सराहना की।

## स्व-गणना तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जनगणना 2027 के अंतर्गत सेल्फ एन्यूमरेशन (स्व–गणना) अभियान की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वान्या सिंह ने की। इस दौरान प्रभारी जनगणना अधिकारी जेपी यादव सहित समस्त चार्ज अधिकारी एवं जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने 07 मई से 21 मई 2026 तक संचालित होने वाले स्व–गणना अभियान को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को विस्तृत दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है और इसमें नागरिकों की सहभागिता बेहद आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों से अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा अधिक से अधिक नागरिकों को स्व–गणना के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने बताया कि नागरिक`म.बमदेने.हवअ.पद पोर्टल पर जाकर स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्व–गणना प्रक्रिया के तहत मोबाइल आधारित व्ज्च के माध्यम से पंजीकरण एवं लॉगिन करना होगा, जिसके बाद परिवार के सदस्यों का विवरण, परिसंपत्तियों एवं आवास संबंधी जानकारी भरकर अंतिम रूप से सबमिट करना होगा। प्रक्रिया पूर्ण होने पर ैमसि म्दनउमतंजपवद प्क प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर ैब् एवं हेल्प डेस्क के माध्यम से लोगों को सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में दिवसवार कार्यक्रमों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। 07 मई को राजस्व एवं प्रशासन दिवस, 08 मई को स्थानीय निकाय, ग्रामीण विकास एवं .षि दिवस, 09 मई को युवा एवं खेल तथा मीडिया दिवस, 10 मई को प्रतिष्ठित व्यक्तित्व एवं आवासीय समूह दिवस, 11 मई को न्यायिक दिवस, 12 मई को वर्दीधारी बल दिवस, 13 मई को केंद्रीय कार्यालय दिवस, 14 मई को शिक्षा दिवस, 15 मई को स्वास्थ्य दिवस, 16 मई को उद्योग एवं परिवहनध्इंजीनियरिंग




दिवस, 17 मई को महिला एवं स्वयं सहायता समूह दिवस, 18 मई को डिजिटल सहायता एवं विशेष आवश्यकता दिवस, 19 मई को वर्क फ्रॉम होम दिवस तथा 20 मई को प्राइड दिवस के रूप में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपने–अपने स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने निर्धारित दिवस पर कार्यक्रमों का सफल संचालन सुनिश्चित करे। व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए सोशल मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप एवं स्थानीय प्रचार माध्यमों का उपयोग किया जाएगा। बैठक के अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित कर जनपद बिजनौर में स्व–गणना अभियान को सफल बनाने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

## सीमावर्ती क्षेत्र में कोतवाली मूर्तिहा पुलिस का सघन चेकिंग अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जनपद के थाना कोतवाली मूर्तिहा पुलिस द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। चौकी प्रभारी रामकुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आने–जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जांच की। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी। वहीं सीमावर्ती इलाकों में भ्रमण कर लोगों से सतर्क रहने एवं किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। चौकी प्रभारी राज कुमार ने बताया कि अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के साथ ही असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है।

## नवागंतुक डीएम संतोष कुमार शर्मा ने संभाला पदभार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद के नवागंतुक जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार कार्यालय पहुंचकर विधिवत् कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात् जिलाधिकारी ने अपनी प्रशासनिक प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया और जनपद के चहुमुखी विकास हेतु



संकल्प लिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नही किया जाएगा। उन्होने जनसुनवाई को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि आम जनमानस की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। शासन की मंशा के अनुरूप शिक्षा, आई0सी0डी0एस0 और सोशल वेलफेयर के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा, जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के इंफ्रास्ट्रक्चर को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा बडी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने का प्रयास होगा। ग्राम चौपालों के माध्यम से गांवों की दशा और दिशा बदलने पर जोर दिया जाएगा, ताकि विकास की किरण अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति तक पहुंचें। प्रसिद्ध कांच उद्योग को और अधिक बेहतर बनाने तथा स्थानीय उत्पाद आलू को फूड प्रोसेसिंग यूनिट से जोडकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएगें। नवागन्तुक जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा का प्रशासनिक कार्यकाल अत्यंत प्रभावशाली रहा है। इससे पूर्व वह नगर आयुक्त नगर निगम शाहजहांपुर, सीईओ आयोध्या तीर्थ विकास परिषद, अयोध्या, नगर आयुक्त अयोध्या, नगर आयुक्त कानपुर नगर, जिलाधिकारी महाराजगंज जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी कार्यकुशलता और प्रशासनिक दक्षता को सिद्ध कर चुके है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर फिरोजाबाद को हर पैमाने पर प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पर ले जाने का प्रयास किया जाएगा।

## बाईपास व शिलफाटा लाईओवर के नीचे अवैध अतिक्रमण हटाने की अपील

### - दिव्यांगों के लिए सुविधा केंद्र शुरू करने का आहवान



न्यूज वाणी ब्यूरो

मुंब्रा। मुंब्रा बायपास और शिलफाटा लाईओवर के नीचे अवैध अतिक्रमण हटाने, दिव्यांगों के लिए सुविधा केंद्र शुरू करने तथा बकरी ईद के मद्देनजर उचित व्यवस्था की मांग को लेकर अखिल भारतीय दिव्यांग सेना द्वारा दिए गए 48 घंटे के अल्टीमेटम के बाद प्रशासन हरकत में आया है। इस आंदोलन को अखिल भारतीय दिव्यांग सेना संचालित हमराही एज्युकेशनल एंड चेरीटेबल ट्रस्ट और दिव्यांग एंड दुर्बल हक्क रक्षक चेरीटेबल ट्रस्ट का मजबूत समर्थन प्राप्त हुआ। सहायक आयुक्त, मुंब्रा प्रभाग समिति ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश देते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए हैं। साथ ही प्रशासन ने लिखित पत्र के माध्यम से संगठन के नेता मोहम्मद युसुफ मोहम्मद फारूक खान से प्रस्तावित धरना आंदोलन स्थगित करने का अनुरोध किया है। प्रशासन द्वारा जल्द कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद, दिव्यांगों के हित को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय दिव्यांग सेना ने फिलहाल आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया है। यह दिव्यांग सेना और दोनों ट्रस्ट की बड़ी जीत मानी जा रही है। हालांकि, संगठन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो फिर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## सगामई गांव में लेखपाल ने बनाई किसानों की फार्मर आईडी

न्यूज वाणी ब्यूरो

मैनपुरी, एलाऊ। ब्लॉक जागीर क्षेत्र के गांव सगामई में बुधवार दोपहर करीब 2 बजे किसानों के लिए फार्मर आईडी बनाने का अभियान चलाया गया। इस दौरान लेखपाल प्रदीप गोयल के नेतृत्व में गांव में



शिविर लगाकर किसानों के आवश्यक दस्तावेज एकत्र किए गए और उनकी फार्मर आईडी बनाई गई। अभियान के तहत करीब 20 किसानों की फार्मर आईडी बनाई गई। लेखपाल प्रदीप गोयल ने बताया कि फार्मर आईडी बनने से किसानों का पूरा विवरण डिजिटल रूप में सुरक्षित हो जाएगा। इससे किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे बार–बार होने वाली कागजी कार्यवाही से राहत मिलेगी और समय की बचत भी होगी। इस मौके पर राकेश चंद्र, राजा ठाकुर, साबिर अली, गौतम कुमार, अफजल अली, सुभाष चंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जल है तो कल है : कमल शर्मा

### – बच्चों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। अराइज इंडिया पब्लिक स्कूल में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक वाटर कनवर्सेशन ओथ सेरेमनी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या कमल




शर्मा एवं स्कूल मैनेजमेंट अदिति टंडन की गरिमामयी उपस्थिति में सभी छात्रों और शिक्षकों ने जल बचाने की शपथ ली। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल है तो कल है, और हमें इसकी एक–एक बूंद को बचाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। अदिति टंडन ने भी छात्रों को दैनिक जीवन में जल संरक्षण के छोटे–छोटे कदम अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने संकल्प लिया कि वे जल का सदुपयोग करेंगे, उसे व्यर्थ नहीं बहने देंगे और समाज में भी जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। यह आयोजन न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहा, बल्कि उन्हें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास भी कराया।

## बिजली के खंभे से टकराई कार, तीन युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/झालू, बिजनौर। झालू–बिजनौर मार्ग पर सोमवार देर शाम तेज रतार का कहर देखने को मिला, जब एक अनियंत्रित कार सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से जा टकराई। हादसा इतना



भीषण था कि बिजली का खंभा टूटकर सड़क पर गिर पड़ा और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में कार सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना देने के साथ राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। बिजली का खंभा सड़क पर गिरने के कारण कुछ समय तक मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। बाद में पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से रास्ता साफ कराया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है तथा हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## किसान यात्रा रही ऐतिहासिक, प्रशासन के सहयोग से समाधान की दिशा में बढ़े कदम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। भारतीय किसान क्रांति यूनियन द्वारा आयोजित प्रथम किसान यात्रा ऐतिहासिक एवं प्रभावशाली रही। यह यात्रा



शिकोहाबाद के माधोगंज बिजली घर से प्रारंभ होकर दबरई स्थित जिला मुख्यालय तक निकाली गई, जिसमें सैकड़ों किसानों एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस यात्रा का उद्देश्य किसानों एवं आमजन की जमीनी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाकर उनके समाधान हेतु सकारात्मक पहल करना रहा। यात्रा के दौरान बिजली की समस्या (लो वोल्टेज एवं कटौती) को लेकर एसडीओ हरि सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। इसके पश्चात ग्राम नींव खेरिया में प्रस्तावित अंडरपास निर्माण के संबंध में उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल के नाम स्टेशन अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया। इसके बाद शहर एवं राजस्व संबंधी समस्याओं को लेकर नायब तहसीलदार नितिन को ज्ञापन सौंपा गया। अंत में जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम अपर जिलाधिकारी विशु राजा को विस्तृत ज्ञापन दिया गया। अपर जिलाधिकारी द्वारा संगठन को आश्वस्त किया गया कि सभी समस्याओं का शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। भारतीय किसान क्रांति यूनियन प्रशासन एवं उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करती है कि उन्होंने किसानों एवं आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान हेतु सकारात्मक आश्वासन प्रदान किया। संगठन को पूर्ण विश्वास है कि सरकार की जनहितकारी नीतियों के अनुरूप सभी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही होगी। योगेश यादव, ब्रज प्रांत अध्यक्ष यह किसान यात्रा सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि किसानों की आवाज को मजबूती देने का माध्यम है। हम सरकार के साथ मिलकर समाधान चाहते हैं और हमें विश्वास है कि प्रशासन हमारी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करेगा। धर्मेंद्र उर्फ बबलू यादव, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान क्रांति यूनियन हमेशा सकारात्मक सोच के साथ कार्य करती है। हमारा उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि संवाद और सहयोग के माध्यम से किसानों को उनका हक दिलाना है। एड. पुष्पेंद्र यादव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य किसानों की समस्याएं जमीनी स्तर की हैं, जिन्हें प्राथमिकता के साथ हल किया जाना आवश्यक है। आज का कार्यक्रम प्रशासन और संगठन के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में एक मजबूत कदम है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र उर्फ बबलू यादव, ब्रज प्रांत अध्यक्ष योगेश यादव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एड. पुष्पेंद्र यादव, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष कमल किशोर नागेन्द्र कुमार जिलाध्यक्ष युवा सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह किसान यात्रा इस बात का प्रमाण है कि जब किसान संगठित होकर शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक तरीके से अपनी बात रखते हैं।

# केन आरती में श्रद्धालुओं ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर जताई खुशी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। भूरागढ़ क्षेत्र अंतर्गत केन आरती स्थल पर विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति एवं गंगा समग्र कानपुर प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में विधि विधान के साथ केन जल महाआरती कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, इस दौरान सभी श्रद्धालुओं ने शीश झुकाकर केन मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। केन आरती के पश्चात सभी ने पश्चिम बंगाल में हुए चुनाव



में भारतीय जनता पार्टी की भारी मतों से जीत दर्ज करने पर खुशी जाहिर की और एक दूसरे को बधाईयां दी। इस दौरान समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की भारी बहुमत की सरकार बनी है जोकि खुशी का विषय है और ज्यादातर जगहों पर भाजपा अपना परचम लहरा रही है साथ ही इससे यह भी पता चलता है कि जनता को भाजपा का पूर्ण समर्थन भी प्राप्त हो रहा है जोकि खुशी का विषय है। केन आरती कार्यक्रम के पश्चात सभी ने एक दूसरे को बधाईयां प्रेषित की और सभी का मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान कार्यक्रम में एडवोकेट पारस अग्रहरि गौरव वर्मा सौरभ सैनी सुधांशु वर्मा सहित तमाम पदाधिकारी एवं श्रद्धालु लोग मौजूद रहे।

# ऊसराहार में मिशन शक्तिके तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज–5 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत थाना ऊसराहार क्षेत्र के ग्राम सरसईनावर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को सुरक्षा,



सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं उपस्थित लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इसके साथ ही पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए। लोगों को समझाया गया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति से अपना ओटीपी साझा न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन व सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए लगातार अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

# पिछड़ा वर्ग की बेटियों के विवाह हेतु अनुदान योजना लागू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी ने जानकारी दी है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026–27 में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग को छोड़कर) के परिवारों की पुत्रियों के विवाह हेतु सहायता अनुदान देने के लिए शादी अनुदान योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है, जिसमें आधार प्रमाणीकरण एवं ई–केवाईसी लागू की गई है। पात्र आवेदकों को वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के ऐसे आवेदक, जिनकी वार्षिक आय एक लाख रुपये तक है, इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए कन्या की आयु विवाह की तिथि पर 18 वर्ष तथा वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है। एक परिवार अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह के लिए अनुदान प्राप्त कर सकता है। आवेदन विवाह की तिथि से 90 दिन पूर्व से लेकर 90 दिन बाद तक किया जा सकता है। जिले के सभी पात्र आवेदकों को सूचित किया गया है कि जिनकी पुत्री का विवाह वित्तीय वर्ष 2026–27 (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027) के बीच प्रस्तावित है या संपन्न हो चुका है, वे स्वयं या जनसेवा केंद्रध्लोकवाणी केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के बाद उसकी हार्ड कॉपी आवश्यक दस्तावेजों सहित संबंधित तहसील या ब्लॉक में 7 दिन के भीतर जमा करना अनिवार्य होगा।

# बीज प्राप्त करने के लिए दस मई तक करें पोर्टल पर बुकिंग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला .षि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने बताया कि .षि विभाग द्वारा खरीफ 2026 मे संचालित समस्त योजनाओं मे समस्त प्रकार के बीजों का वितरण पूर्व की भांति पहले आओ पहले पाओ के सिद्धान्त के स्थान पर नहीं करते हुए, इस वर्ष सर्वप्रथम बुकिंग करते हुए ई–लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। विभाग के पोर्टल पर पंजी.त .षकों को बुकिंग के उपरान्त ई–लाटरी के माध्यम से बीज उपलब्ध कराया जायेगा। डॉ. यादव ने बताया कि खरीफ 2026 मे विभिन्न योजनान्तर्गत सामान्य बीज वितरण एवं मिनीकिट बीज वितरण हेतु निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष समस्त बीज (प्रमाणित/संकर) की बुकिंग विभाग के पोर्टल एग्रीकल्चर डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर 10 मई 2026 आनलाइन बुकिंग की जा सकती है। जनपद के किसानों को सुझाव दिया गया है कि कि अपनी आवश्यकतानुसार बीज की बुकिंग कर लें। बीज वितरण हेतु .षकों का चयन ई–लाटरी के माध्यम से किया जायेगा। जिला .षि अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष निःशुल्क वितरण हेतु मिनी किट के रूप में सावा, कोदो, रागी, ज्वार, बाजरा, अरहर उर्द, मूंग, तिल एवं मूंगफली के बीज .षि विभाग के पोर्टल पर बुकिंग के पश्चात लॉटरी के आधार पर वितरित किए जाएंगे। जबकि 50 प्रतिशत अनुदानित दर पर धान, ढैचा, उर्द, मूंग, अरहर, तिल एवं अन्य बीज भी .षि विभाग के पोर्टल पर बुकिंग के पश्चात इस बार लॉटरी के आधार पर वितरित किए जाएंगे जो इससे पूर्व के वर्ष में पहले आओ पहले पाओ के आधार पर वितरित किए जाते थे। उन्होंने बताया कि यदि 10 मई तक बुकिंग कंप्लीट नहीं होती तो इसके पश्चात बुकिंग की डेट बढ़ाया भी जाएगा ।

# युवा उद्यमी योजना में जिले को प्रदेश में छठा स्थान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र ने बताया कि जनपद में संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 1700 लाभार्थियों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अप्रैल माह में 65 से अधिक लाभार्थियों को ऋण वितरण किया जा चुका है। इसी प्रदर्शन के आधार पर इटावा को प्रदेश स्तर पर छठा स्थान प्राप्त हुआ है। योजना के अंतर्गत युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। विशेष रूप से डिजिटल मार्केटिंग, सोयाबीन आधारित उत्पाद (पनीर निर्माण), मशरूम उत्पादन तथा कमर्शियल ट्रैक्टर एवं मशीनरी आधारित परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हो सकें। इसके अतिरिक्त, गत वर्ष स्थापित लगभग 1530 इकाइयों का भौतिक सत्यापन कार्य शुरू कर दिया गया है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी इकाइयां वास्तविक रूप से संचालित हों। यदि किसी लाभार्थी द्वारा ऋण प्राप्त करने के बाद इकाई का संचालन बंद पाया जाता है या कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सब्सिडी निरस्त की जाएगी तथा ऋण की वसूली बैंक के माध्यम से कराई जाएगी। जनपद में तैनात सीएम युवा फेलो द्वारा लगातार सत्यापन एवं लाभार्थियों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जिससे योजना का पारदर्शी और प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके। यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। प्रोजेक्ट रिपोर्ट या कोटेशन के नाम पर किसी भी प्रकार का शुल्क लेना अवैध है। किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी मुख्यमंत्री युवा हेल्पलाइन के टोल–फ्री नंबर 18002962233 पर संपर्क कर सकते हैं। आवेदनकर्ता स्वयं ऑनलाइन माध्यम से उेउम.नच.हवअ.पद या सीएम युवा ऐप के जरिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद दस्तावेजों के सत्यापन उपरांत प्रकरण संबंधित बैंक को भेजा जाता है। योजना का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। 21 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे युवा, जिन्होंने न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण की है, इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी जिला उद्योग केंद्र, इटावा में किसी भी कार्यदिवस पर संपर्क कर सकते हैं। सभी युवाओं से अपील की गई है कि वे किसी भी बिचौलिये या दलाल के संपर्क में न आएं और स्वयं या अधि.त माध्यम से ही निःशुल्क आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें।

# एएसपी ने साइबर अपराध प्रबंधन में पीएचडी की पूर्ण

न्यूज वाणी ब्यूरो



बांदा। जनपद के एडिशनल पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवराज प्रजापति द्वारा साइबर अपराध प्रबंधन विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर हर्ष एवं गर्व का वातावरण है। उनकी इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि पर विभिन्न अधिकारियों, सहकर्मियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। डॉ. प्रजापति का यह शोध कार्य उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी डॉ. विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जो इसकी गुणवत्ता और प्रासंगिकता को और भी महत्वपूर्ण बनाता है। उनका यह शोध न केवल शैक्षणिक .ष्टि से सराहनीय है, बल्कि वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। ऐसे में साइबर अपराध प्रबंधन में विशेषज्ञता रखने वाले अधिकारियों की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। डॉ. शिवराज प्रजापति की यह उपलब्धि न केवल पुलिस विभाग के लिए गर्व का विषय है, बल्कि समाज को सुरक्षित और जागरूक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। उनकी इस उपलब्धि से युवा अधिकारियों एवं विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे अपने व्यावसायिक कर्तव्यों के साथ–साथ शैक्षणिक उत्.ष्टता की ओर भी अग्रसर हों। समस्त पुलिस विभाग एवं जनपदवासियों ने डॉ. शिवराज प्रजापति के उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर सफलता की कामना की है।

# जल जीवन मिशन की साप्ताहिक समीक्षा के निर्देश, शिकायत निस्तारण पर जोर

फोटो परिचय–37

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार गाजीपुर में आहूत की गयी। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की समीक्षा के उपरान्त जिलाधिकारी ने जल जीवन की बैठक हर सप्ताह एक खुली बैठक की जाय जिसके अन्तर्गत हेल्प लाइन नम्बर निर्धारित किया जाय जिससे कि किसी को समस्या आती है तो उस शिकायत का निस्तारण तत्काल किया जाय। उन्होने कहा कि कितनी शिकायत आयी और कितने का निस्तारण किया गया प्रतिदिन समीक्षा की जाय। असंतोष व्यक्यियो की सूची बनाकर उनका



तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण किया जाय। आईजीआरएस पोर्टल पर जितनी भी शिकायते प्राप्त होती उनका प्रतिदिन नजर रखते हुए निस्तारण किया जाय। आवेदको के निस्तारण के उपरान्त उनके कार्यो की फीडबैक अवश्य लिया जाय कि निस्तारण संतोषजनक है या असंतोषजनक है। असंतोषजनक पर संतोषजनक निस्तारण किया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लक्ष्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि इस मिशन का उद्देश्य हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ जल उपलब्ध कराना है, जिससे ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होने कहा कि ग्राम पंचायतों की भागीदारी इस मिशन की सफलता की कुंजी है तथा जनसहभागिता से ही योजनाओं का दीर्घकालिक संचालन संभव होगा। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आलोक प्रसाद, अधि0 अभियन्ता जल निगम शहर एवं ग्रामीण, ब्लाक स्तर जे0ई0 उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ को

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्षध्जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार 09 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच विनोद कुमार यादव ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री–लिटिगेशन हेतु धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम (एन.आई.एक्ट), बैंक वसूली एवं टेलीफोन बिल्स से सम्बन्धित प्रकरण, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (अशमनीय वादों को छोड़कर), अन्य आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक व अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा तथा सुलह–समझौते के आधार पर जनपद न्यायालय में लम्बित वाद में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवाद सहित किन्तु अशमनीय विवादों को छोड़कर), सर्विस विवाद से सम्बन्धित वेतन, भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व वाद एवं अन्य सिविल वादों (किरायेदारी, सुखाधिकार, निषेधाज्ञा वाद, विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि का निस्तारण किया जायेगा।

# अघोरी पीठाधीश्वर कपाली महाराज ने किया सफल अनुष्ठान

## - पश्चिम बंगाल पर दिया महत्वपूर्ण बयान

न्यूज वाणी ब्यूरो/वाराणसी। अघोरी पीठाधीश्वर कपाली महाराज द्वारा संपन्न कराया गया विशेष धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण विधि–विधान, आस्था एवं आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं साधकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने



अनुष्ठान में भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। अनुष्ठान के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए कपाली महाराज ने पश्चिम बंगाल की राजनीतिक परिस्थितियों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वहां की पूर्ववर्ती सरकारें चाहे कांग्रेस रही हो या तृणमूल कांग्रेस सनातन सं.ति के संरक्षण में अपेक्षित भूमिका निभाने में असफल रही हैं, जिससे आम जनमानस में असंतोष की भावना उत्पन्न हुई। उन्होंने भाजपा के बढ़ते समर्थन के पीछे कई कारण बताए। उनके अनुसार, जनता में अपनी सांस्.तिक और धार्मिक पहचान को सुरक्षित रखने की भावना मजबूत हुई है। लंबे समय से चली आ रही तुष्टिकरण की राजनीति से लोगों में असंतोष बढ़ा है। राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट विचारधारा ने लोगों को आकर्षित किया है। केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभाव भी जनता के निर्णय में देखने को मिला है। कपाली महाराज ने कहा कि इन सभी कारणों से पश्चिम बंगाल में जनता पारंपरिक राजनीतिक विकल्पों से आगे बढ़कर भाजपा की ओर झुकी है और उसे समर्थन दिया है। उन्होंने आगे कहा कि यह परिवर्तन केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सांस्.तिक एवं सामाजिक चेतना का भी प्रतीक है। देशभर में सनातन परंपरा के प्रति आस्था निरंतर बढ़ रही है और लोग अपनी सांस्.तिक पहचान के संरक्षण के प्रति अधिक सजग हो रहे हैं। अनुष्ठान की सफलता पर उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, आध्यात्मिक जागरूकता और सांस्.तिक एकता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान को अत्यंत दिव्य एवं प्रेरणादायक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता की आवश्यकता पर बल दिया।

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/पैलानी, बांदा। थाना क्षेत्र में तेज रतार का कहर देखने को मिला। एक लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार अदरी गांव के रामदयाल का डेरा निवासी 35 वर्षीय विनोद निषाद पुत्र रामाधार निषाद झंझरी पुरवा से अपने गांव अदरी लौट रहा था। जैसे ही वह चौकी पुरवा के पास पहुंचा। तभी तेज गति से आ रहे लोडर ने उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विनोद दूर जा गिरा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल जसपुरा अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई उमेश निषाद ने बताया कि विनोद अपने दोस्त दलीप की शादी में शामिल होने झंझरी पुरवा गया था और सुबह वापस घर लौट रहा था। तभी यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि विनोद की शादी चार साल पहले रेहुटा गांव में हुई थी और उसकी दो साल की एक बेटी मोनिका है।वह पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था और बेंगलुरु में मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता था। करीब एक माह पहले ही वह घर लौटा था।हादसे के बाद पत्नी मेवाकली और मां तरुईया का रो–रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। थाना प्रभारी राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# नैनपुर पुलिया के पास पुलिस मुठभेड़ में चार लुटेरे गिरफ्तार

## – इकदिल महिला लूट कांड का खुलासा, तमंचे–नकदी व जेवर बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना इकदिल क्षेत्र में महिलाओं से हुई लूट/झपटमारी की घटनाओं का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए चार शातिर अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान गिरतार किया है। कार्रवाई में 2 तमंचे, कारतूस, 46,800 रुपये नकद, लूटे गए जेवर तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद



की गई है। घटना 3/4 मई की रात की है, जब शादी समारोह से लौट रही महिलाओं को निशाना बनाकर बदमाशों ने सुनसान स्थान पर झपटमारी की वारदात को अंजाम दिया था। इसी तरह 1/2 मई को कानपुर देहात के राजपुर क्षेत्र में भी महिला से चैन लूट की घटना हुई थी। इटावा पुलिस के सहयोग से कानपुर देहात पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध कार का पीछा किया। नैनपुर पुलिया के पास बदमाशों ने भागने की कोशिश करते हुए पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए, जबकि दो को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ में कबूल किया कि वे शादी समारोह से लौट रही महिलाओं को टारगेट कर सुनसान स्थानों पर लूट की घटनाएं अंजाम देते थे। पुलिस ने गिरोह के पास से लूटी गई करधनी, कान के बाले, नकदी सहित अन्य सामान बरामद किया है। चारों अभियुक्तों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ओडीओपी योजना के तहत स्वरोजगार का मौका

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार की एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत जनपद में वस्त्र उत्पादन, रेडीमेड गार्मेंट्स, टेलरिंग एवं कढ़ाई से जुड़े उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक युवाओं से आवेदन मांगे गए हैं। वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए जनपद को 56 इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके लिए 168 लाख रुपये की मार्जिन मनी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत राष्ट्रीय.त एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से ऋण प्रदान किया जाएगा, जिससे लाभार्थी अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकें। इस योजना के तहत रेडीमेड गार्मेंट्स की दुकान, बुटीक, टेलरिंग, कढ़ाई, डिजाइनिंग एवं छोटे स्तर पर वस्त्र उत्पादन इकाई स्थापित करने के इच्छुक युवक–युवतियां आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए तथा वह किसी बैंक या वित्तीय संस्था का डिफॉल्टर नहीं होना चाहिए। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे, जिसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, इटावा कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# भीषण गर्मी में बीईओ की पहल, ईंट भट्टे के बच्चों को दिलाया शिक्षा का भरोसा

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। तपती दोपहर और भीषण गर्मी के बीच जहां लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं, वहीं खंड शिक्षा अधिकारी गिरीश कुमार ने मिशन शारदा के तहत एक सराहनीय पहल करते



हुए शिक्षा से वंचित बच्चों को स्कूल से जोड़ने का प्रयास किया। उन्होंने यह साबित किया कि .ढ़ इच्छाशक्ति से बदलाव संभव है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय धरबार क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उन्हें जानकारी मिली कि पास के ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। इस पर वे प्रधानाध्यापक अमरपाल यादव व शिक्षकों के साथ सीधे भट्टे पर पहुंचे और अभिभावकों से संवाद किया। बीईओ ने मजदूर परिवारों को भरोसा दिलाया कि बच्चों की शिक्षा पूरी तरह निःशुल्क होगी और उन्हें किताबें, मिड–डे मील सहित सभी सरकारी सुविधाएं मिलेंगी। समझाने के बाद अभिभावकों ने बच्चों का स्कूल में दाखिला कराने का आश्वासन दिया। इस पहल से क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों ने भी इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जब अधिकारी खुद मैदान में उतरते हैं, तभी वास्तविक बदलाव संभव होता है।

# डूबने की घटनाओं पर लगाम के लिए बड़ा अभियान

## – स्कूलों में भी चलेगा जल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में डूबने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन ने व्यापक जनजागरूकता एवं सुरक्षा अभियान शुरू किया है। इसके तहत नदियों, नहरों और तालाबों जैसे संवेदनशील स्थलों पर चेतावनी बोर्ड, बैरिकेडिंग और निगरानी की व्यवस्था की गई है। साथ ही सभी बेसिक एवं माध्यमिक विद्यालयों, ग्राम पंचायतों और शहरी निकायों में जल सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिससे बच्चों और आमजन को आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया जा सके। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि जल स्रोतों के पास सतर्कता बरतें, बच्चों को अकेले न जाने दें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1077 पर सूचना दें, ताकि समय पर सहायता मिल सके।

# विकास कार्यों की जांच पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जरवल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत रेवढा में कराए गए विकास कार्यों की जांच प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों में गहरा असंतोष व्याप्त है। बार–बार शिकायतों के बावजूद जांच में पारदर्शिता की कमी और ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, उन्होंने 25 मार्च 2026 को लोकपाल कार्यालय, 4 अप्रैल को पंचायत विभाग तथा 6 अप्रैल को मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ और जिलाधिकारी को जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायतें भेजकर विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच की मांग की थी। सभी शिकायतों को जांच के लिए जरवल ब्लॉक कार्यालय को भेजा गया, लेकिन अब तक संतोषजनक कार्रवाई सामने नहीं आई है। आरोप है कि 25 मार्च की शिकायत पर जांच के दौरान शिकायतकर्ता को सूचित तक नहीं किया गया और बिना उनकी मौजूदगी के ही रिपोर्ट तैयार कर ली गई। वहीं 4 अप्रैल की शिकायत पर 2 मई को जांच टीम मौके पर पहुंची, लेकिन जिस स्थान पर नाली निर्माण दर्शाया गया था, वहां कोई कार्य नहीं मिला। इसके बावजूद जांच रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई, जिससे संदेह और गहरा गया है। 6 अप्रैल को की गई शिकायतों पर भी अब तक कोई ठोस पहल नहीं होने से ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर 5 मई 2026 को गांव के दर्जनों लोग एकजुट होकर खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रार्थना पत्र सौंपकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान बृजेश सिंह और फयाज अहमद ने ज्ञापन सौंपते हुए प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

# 36 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहराइच। रूपईडीहा पुलिस एवं एस एस बी की संयुक्त कार्यवाही में 36 ग्राम स्मैक के साथ रूपईडीहा निवासी एक युवक को गिरतार किया है।थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि रूपईडीहा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक युवक को स्मैक के साथ गिरतार किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी तथा क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह के मार्गदर्श में तथा मेरे नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। उपनिरीक्षक अजय कुमार थाना रूपईडीहा मय पुलिस बल व एसएसबी की संयुक्त टीम ने चकिया रोड से शिवपुर मोहरनिया जाने वाले मार्ग पर छापेमारी कर अभियुक्त फैयाज अहमद उर्फ पुच्चे (26 वर्ष), पुत्र नजीर अहमद, निवासी मुनीरगंज केवलपुर थाना रूपईडीहा को गिरतार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 36.22 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। इस संबंध में थाना रूपईडीहा पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय सदर भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी है।

# चौराहे पर दबंगई, डंपर चालक पर हमला, आग लगाने की धमकी

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। मुराई बाग चौराहे पर एक महिला व उसके परिजनों की दबंगई ने प्रशासन के सामने डंपर चालक की पिटाई के साथ तोड़फोड़ की आग लगाने की धमकी दी। यही नहीं चालक के सिर पर डंडे से वार किया गया। बुधवार दोपहर बाद एक महिला अपने पति



के साथ मुराई बाग मुख्य चौराहे पर गलत साइड से आ रही थी तभी सामने से आ रहा एक डंपर उसकी स्कूटी में छू गया स्कूटी में डंपर छूने मात्र से महिला सीमा स्कूटी से गिर गई जबकि स्कूटी व महिला को कोई खरोच नहीं आई। बस इतने में आक्रोशित महिला ने फोन कर अपने परिजनों को बुलाया। चार पहिया वाहन से आए परिजनों ने मुख्य चौराहे पर ही डंडों से ताबड़तोड़ डंपर पर हमला बोल दिया। चालक गौतम द्विवेदी को नीचे उतरने के लिए बोल रहे थे लेकिन चालक ने गेट नहीं खोला जिससे परिजन और आकर्षित हो गए। डंपर की खिड़की से उसके सर पर डंडे से वार कर दिया। आगे के शीशे में तोड़फोड़ की बड़ी संख्या में लोग मुख्य चौराहे पर मूक दर्शक बने रहे आक्रोशित महिला ने डंपर में आग लगाने की धमकी दी। लगभग 15 मिनट तक आक्रोशित महिला एवं उसके परिजन डंपर व उसके चालक के साथ बर्बरता करते रहे स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना रहा आसपास के लोग महिला वह उसके परिजनों को रोकने का प्रयास भी नहीं किया। कुछ देर बाद पुलिस पहुंची तो किसी तरीके से मामला शांत हुआ मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया जिसने भी यह घटना देखा उन्होंने आक्रोश जताया। मामूली सी बात को लेकर डंपर व उसके चालक के साथ इस तरह की पिटाई को लेकर लोग परिजनों को दोषी मान रहे थे। फिलहाल पुलिस महिला व उसके परिजनों एवं चालक को थाने लेकर गई है। कोतवाल राघवन कुमार सिंह ने बताया कि महिला अपने पति आशीष कुमार निवासी कुलियापुर तथा महिला के भाई रोहित व अमित पुत्र बाबूलाल निवासी जमुनीपुर को गिरतार किया गया है। तहरीर पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।


## उत्तर मध्य रेलवे

**Letter No:** 220-E/Engag/HVS/2022 **Date:** 04.05.2026

नोटिस

अवैतनिक विजिटिंग विशेषज्ञों की नियुक्ति

केन्द्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज में ऑनरेरी विजिटिंग स्पेशलिस्ट (HVS) के दो (02) पदों- एक (01) Oncologist पद एवं एक (01) Nephrologist पद पर कार्य करने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किया जाना है। अतः इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन "ENGAGEMENT OF HVS" अभिलिखित बंद लिफाफे में निर्धारित प्रारुप तथा प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि के साथ रजिस्टर्ड डाक से चिकित्सा निदेशक, केन्द्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज को विज्ञापन प्रकाशित होने के (पन्द्रह) 15 दिन के अंदर तक कर सकते हैं। संबंधित पदों हेतु नियम एवं पात्रता संबंधी समस्त विवरण उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइटः **www.ncr.indianrailways.gov.in.** पर तथा चिकित्सा निदेशक, केन्द्रीय चिकित्सालय, प्रयागराज के कार्यालय में उपलब्ध है। निम्नलिखित दो (02) HVS को अवैतनिक के आधार पर नियुक्ति प्रस्तावित हैः- रेलवे बोर्ड पत्र संख्या 2014/H-1/12/8/HVS/Policy/E दिनांक 22.10.2025 के अनुसार मानदेय का संशोधन निम्नलिखित है :-

| Name | Visiting Hours | Honorarium (PM) |
|---|---|---|
| Oncologist | 02 Hours/04 days | ₹ 51,000/- |
| Nephrologist | 02 Hours/04 days | ₹ 51,000/- |

999/26(DG)

**Medical Director**
**Central Hospital**
**NCR/PRYJ**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# जनपद में चला साइबर जागरुकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में चलाया गया साइबर जागरुकता अभियान, लोगों को साइबर अपराधों से बचने के सम्बन्ध में किया गया जागरुक। बुधवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में साइबर जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं व आमजन को साइबर क्राइम से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराते हुए ओटीपी किसी व्यक्ति को साझा न करने, अनजान वीडियो कॉल रिसीव न करने, लॉटरी ईनाम के कॉल, मैसेज के फ्राड होने की सम्भावना होने, अनजान व्यक्ति को यूपीआई पिन न बताने, किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर स्क्रीन शेयरिंग एप (जैसे एनी डेस्क, क्वीक सपोर्ट, टीमव्यूवर, स्क्रीन मिरर आदि) अपने फोन में कभी भी इंस्टाल न करें, सोशल नेटवर्किंग साइट पर होने वाले फ्राड की जानकारी दी तथा साइबर अपराध से तत्काल सुरक्षा व शिकायत दर्ज के लिए साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही साइबर फ्रॉड होने पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने हेतु गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदान की गयी वेवसाइट की भी जानकारी दी गयी। साइबर क्राइम से बचाव हेतु मुख्यालय द्वारा उपलब्ध करायें गये दिशा निर्देशों के अनुसार भी जागरुकता को प्रचारित किया गया। थाने पर आये जनसामान्य को तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया एवं जनपद में स्थित साइबर क्राइम पुलिस थाना व समस्त जनपदीय थाना स्तर पर बनी साइबर हेल्प डेस्क पर तुरन्त सम्पर्क कर शिकायत दर्ज कराने



की जानकारी दी गयी। समस्त प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचाव के तरीकों से अवगत कराया गया व बताया गया कि किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सुरक्षित व सावधानीपूर्वक उपयोग करें व किसी के बहकावें में न आकर अपनी फोटो व गोपनीय जानकारी कभी अनजान व्यक्ति से साझा न करें तथा किसी भी तरीके के साइबर अपराध होने पर तत्काल नजदीकी थाने के साइबर हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर शिकायत दर्ज करायें।

# पर्यटन विकास की 24 परियोजनाओं के लिए 3391 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत

## - सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहरों को नया स्वरूप देकर पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु हरसंभव प्रयास

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। आगरा मण्डल के अधीन जनपद के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न विधानसभाओं में स्थित धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों के पर्यटन विकास हेतु 24 परियोजनाएं स्वी.त की गयी है। इन परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए 3391 लाख रूपये की धनराशि स्वी.त की गयी है। परियोजना संबंधी कार्यों को पूरा करने के लिए यूपीपीसीएल कार्यदायी संस्था को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये हैं कि परियोजना के समस्त कार्यों को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समय में पूरा करें। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्.ति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि टुण्डला में स्थित गोगा जी काली मंदिर पिपरौली के पर्यटन विकास के लिए 70 लाख रूपये, फिरोजाबाद पसीने वाले हनुमान मंदिर के लिए 65 लाख रूपये, शिकोहाबाद के नगला केवल स्थित श्री ब्रहमदेव शिव तथा बजरंगबली मंदिर के लिए 120 लाख रूपये, शिकोहाबाद के ही विधानसभा क्षेत्र में स्थित आबगंगा मंदिर के विकास के लिए 35 लाख रूपये, टुण्डला ग्रामगढ़ी हंसराम ब्लाक नारखी में स्थित शिवमंदिर के पर्यटन विकास के लिए 60 लाख रूपये की धनराशि स्वी.त की गयी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि टुण्डला विधानसभा क्षेत्र में शिव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य हेतु 80 लाख रूपये, टुण्डला में ही ग्राम बड़ागांव में स्थित श्री राधा.ष्ण मंदिर के लिए 01 करोड़ रूपये, टुण्डला ग्राम कनवार स्थित सिद्धकाली माता मंदिर के लिए 130 लाख रूपये, सिरसागंज स्थित प्राचीन पथवारी माता मंदिर के लिए 110 लाख रूपये, सिरसागंज के ही कुदरिया वाले महराज आश्रम के लिए 01 करोड़ रूपये, सिरसागंज में हनुमान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 130 लाख रूपये, सिरसागंज में ग्राम जायनई माता मंदिर के लिए 130 लाख रूपये तथा सिरसागंज के ही राम.ष्ण धाम मंदिर (गंगा सागर गरियारी) के पर्यटन विकास के लिए 70 लाख रूपये की धनराशि स्वी.त की गयी है। श्री सिंह ने बताया कि सिरसागंज स्थित अम्बेडकर पार्क के पर्यटन विकास के लिए 70 लाख रूपये, सिरसागंज के ही रामकंठ आश्रम के पर्यटन विकास के लिए 01 करोड़ रूपये, सिरसागंज स्थित ऐतिहासिक श्री राधा.ष्ण मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 90 लाख रूपये, सिरसागंज के ही ग्राम मावली में वेद उपवन पार्क के लिए 75 लाख रूपये, सिरसागंज के ही अकबरपुर में स्थित नीमकरौरी बाबा की जन्मस्थली पर पर्यटन सुविधाओं के लिए 145 लाख रूपये, सिरसागंज के विकास खण्ड फिरोजाबाद के ग्राम करहरा में ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए 20 लाख रूपये की धनराशि स्वी.त की गयी है। श्री जयवीर सिंह ने बताया कि टुण्डला विकासखण्ड फिरोजाबाद के ग्राम अकबरपुर में ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए 35 लाख रूपये, जसराना बड़े जखैया महराज मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 188 लाख रूपये, सिरसागंज के समौर बाबा धाम करहरा हेतु अवस्थापना सुविधाएं एवं अन्य कार्य के लिए 1188 लाख रूपये, शिकोहाबाद में स्थित शिववाटिका मंदिर में बहुउद्देशीय अवस्थापना सुविधाओं के सृजन के लिए 118 लाख रूपये तथा सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के अंतर्गत रपड़ी ईको टूरिज्म क्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रकाश व्यवस्था, सुलभ शौचालय आदि के लिए 162 लाख रूपये की धनराशि स्वी.त की गयी है। श्री जयवीर सिंह ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से उ0प्र0 के समस्त जनपदों में स्थित प्राचीन मंदिरों का कायाकल्प करने के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। इसके साथ ही प्राचीन सांस्.तिक एवं धार्मिक विरासत को संरक्षित किया जा रहा है। आस्था स्थलों पर पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का आवागमन बढ़ने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत एक दिन में त्वरित न्याय, सह अधिवक्ता की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिले में आयोजित की जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बक्सर के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में लगने वाला यह महाकैंप आम जनता के लिए किसी न्याय महाउत्सव से कम नहीं है। समाजसेवी सह अधिवक्ता सुन्दरम कुमार ने अपील करते हुए कहा कि यह वह अवसर है, जहां वर्षों से लंबित मामलों का निपटारा सिर्फ एक दिन में संभव है। वो भी बिना अतिरिक्त खर्च और बिना जटिल प्रक्रिया के। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि लोक अदालत की सबसे बड़ी खासियत यही है कि इसमें किसी भी पक्ष की हार नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों की जीत होती है। आपसी सहमति और समझौते के आधार पर विवादों का समाधान किया जाता है, जिससे न केवल मामला समाप्त होता है, बल्कि रिश्तों में मिठास और समाज में सौहार्द भी बना रहता है। समाजसेवी सह अधिवक्ता सुन्दरम कुमार ने कहा कि जो लोग वर्षों से न्यायालय के चक्कर लगा रहे हैं, उनके लिए यह सुनहरा मौका है। इस लोक अदालत में बैंक ऋण वसूली, एन.आई. एक्ट धारा 138 (चेक बाउंस), मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, बिजली–पानी बिल, टेलीफोन बिल, भूमि एवं अन्य सिविल वाद सहित कई प्रकार के मामलों का निपटारा किया जाएगा। खास बात यह है कि इन मामलों का समाधान बिना किसी अतिरिक्त खर्च के, आपसी समझौते से किया जाता है। सुन्दरम कुमार ने बताया कि लोक अदालत में दिए गए निर्णय अंतिम होते हैं और इनके खिलाफ अपील का प्रावधान नहीं होता, जिससे लोगों को वर्षों तक कोर्ट–कचहरी के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने आगे कहा कि लोक अदालत न केवल समय और धन की बचत करती है, बल्कि न्याय व्यवस्था को सरल और प्रभावी बनाने के साथ–साथ समाज में भाईचारा और सौहार्द को भी मजबूत करती है। यह मंच हर वर्ग के लिए लाभकारी है और न्याय को घर–घर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन चुका है। समाजसेवी सह अधिवक्ता सुन्दरम कुमार की अपील सभी जिलेवासी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें, अपने लंबित मामलों को प्रस्तुत करें और इस अवसर का लाभ उठाकर अपने विवादों का



त्वरित एवं शांतिपूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बक्सर के कार्यालय से संपर्क कर इस लोक अदालत का लाभ उठाया जा सकता है।

# लखीमपुर के नए डीएम का हुआ विशेष सम्मान

## - विश्व मानवाधिकार परिषद और सनातन महासभा ने दी बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। जनपद मैनपुरी से स्थानांतरित होकर किए गए ऐतिहासिक और जनहितैषी कार्यों की गूँज अब खीरी जनपद में भी सुनाई दे



लखीमपुर खीरी के नए जिलाधिकारी का कार्यभार संभालने वाले अंजनी कुमार सिंह का उनके उत्.ष्ट कार्यों के लिए भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। मैनपुरी में उनके द्वारा रही है। बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय में विश्व मानवाधिकार परिषद और सनातन महासभा के शीर्ष पदाधिकारियों ने डीएम अंजनी कुमार सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मैनपुरी जनपद में उनके द्वारा प्रशासन को पारदर्शी बनाने और आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. एमआर अंसारी राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्व मानवाधिकार परिषद, एडवोकेट मेराज अंसारी राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव विश्व मानवाधिकार परिषद, अनुराग पांडेय राष्ट्रीय अध्यक्ष, सनातन महासभा ने डीएम ने जताया आभार। संगठन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह और बुके भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पदाधिकारियों का कहना था कि अंजनी कुमार सिंह जैसे कर्मठ अधिकारियों की कार्यशैली समाज के लिए प्रेरणादायक है। सम्मान से अभिभूत होकर जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों का सहृदय धन्यवाद ज्ञापित किया और विश्वास दिलाया कि लखीमपुर खीरी के विकास और जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे।

# अध्यक्ष व ईओ विवाद के कारण कर्मचारियों को नहीं मिला दो माह का वेतन

## – वेतन न मिलने पर कर्मचारियों ने कार्य ठप कर आंदोलन की दी चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा में अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य और अधिशासी अधिकारी राम बदन यादव के बीच चल रहे विवाद का खामियाजा कर्मचारियों और आमजन को भुगतना पड़ रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि आपसी अनबन के चलते पिछले दो माह से उन्हें वेतन नहीं मिला है, जिससे उनके सामने रोजी–रोटी का संकट खड़ा हो गया है। नगर पंचायत कर्मियों ने बताया कि अधिशासी अधिकारी कार्यालय नहीं आते, जिससे समस्याओं के समाधान के लिए उन्हें भटकना पड़ता है। वेतन न मिलने पर जब कर्मचारी अध्यक्ष से मिले तो उन्होंने बताया कि अधिशासी अधिकारी की ओर से वेतन संबंधी फाइल तैयार कर नहीं भेजी गई, इसी कारण भुगतान लंबित है। इस संबंध में अध्यक्ष डॉ. उमाशंकर वैश्य का कहना है कि अधिशासी अधिकारी की हठधर्मिता के कारण नगर पंचायत का कार्य पूरी तरह अस्त–व्यस्त हो गया है। विकास कार्य ठप हैं और कर्मचारियों को वेतन न मिलने से असंतोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी ने बिना उद्घाटन के जबरन पुराने कार्यालय से सामान हटाकर करीब दो किलोमीटर दूर नई बिल्डिंग में स्थानांतरित कर दिया, जिससे आमजन को परेशानी हो रही है। वहीं कस्बेवासियों का कहना है कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन समेत कई आवश्यक सेवाएं महीनों से बाधित हैं। लोगों को जरूरी दस्तावेज प्राप्त करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत के सफाईकर्मी और सुपरवाइजर.अजय, अंकित, अरुण, दिनेश, मंगल, राजकुमार, रेखा, किरण, राधा और गीता. ने बताया कि वेतन न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब वे अधिशासी अधिकारी से मिलने नए कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने बिना बात सुने ही वहां से चले गए। उधर, अधिशासी अधिकारी राम बदन यादव का कहना है कि मार्च माह के वेतन से संबंधित कागजात तैयार कर ठेकेदार को दे दिए गए हैं। यदि ठेकेदार भुगतान नहीं कर रहा है तो इसमें उनकी जिम्मेदारी नहीं है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द वेतन का भुगतान नहीं हुआ तो वे सफाई सहित अन्य कार्य बंद कर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ऐसी स्थिति में कस्बे में फिर से कूड़े का अंबार लगने की आशंका है। गौरतलब है कि मामला गंभीर होने के बावजूद अब तक जिले के उच्च अधिकारियों द्वारा कोई ठोस हस्तक्षेप नहीं किया गया है, जिससे स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और इसका सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है।

# आयशर ट्रैक्टर का प्रभावशाली प्रदर्शन कार्यक्रम संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। जनपद की तहसील नानपारा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम माघी में आयशर ट्रैक्टर्स की ओर से ट्रैक्टर 551 का प्रभाव प्रदर्शन कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कंपनी द्वारा नए ट्रैक्टर की खूबियों, तकनीकी क्षमता और खेतों में वास्तविक उपयोगिता का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। डेमो के तहत जुताई कराई गई, जिसके बाद ट्रैक्टर की मजबूती, संतुलन और कार्यक्षमता पर विस्तार से चर्चा हुई। किसानों ने मिट्टी में ट्रैक्टर की पकड़, ईंधन दक्षता और ऑपरेशन की सहजता को नजदीक से देखा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय .षक उपस्थित रहे और उन्होंने नए मॉडल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस अवसर पर आयशर के एरिया मैनेजर महेंद्र सिंह और एरिया इंचार्ज सुनील कुमार गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि कंपनी के मानकों के अनुसार इस ट्रैक्टर की मेटल पॉलिश 20 वर्षों तक टिकाऊ रहती है, जो इसकी गुणवत्ता और दीर्घकालिक उपयोगिता को दर्शाती है। कार्यक्रम में शिवम ट्रैक्टर के प्रोपराइटर ब्रह्मा प्रसाद वर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने जानकारी दी कि आयशर ट्रैक्टर का यह नया मॉडल शंकर इंटरनेशनल कॉलेज नानपारा के निकट स्थित शोरूम पर उपलब्ध है, जहां इच्छुक किसान विस्तृत जानकारी और बुकिंग कर सकते हैं। कार्यक्रम में राम मिलन सहित सैफू खान, समीम खान, अच्छन खान, अकरम खान, महमूद अली, सिराजुद्दीन आदि किसानों की सहभागिता रही। आयोजन ने क्षेत्र के किसानों के बीच आधुनिक .षि यंत्रों के प्रति जागरूकता बढ़ाई और आयशर के नए मॉडल को लेकर सकारात्मक संदेश दिया।

# गन्ने के खेत में मिला व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। ग्राम अमखेड़ा में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के बाहर स्थित गन्ने के खेत में एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। खेत पर पहुंचे ग्रामीणों ने शव देख तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही धामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान क्षेत्र निवासी व्यक्ति के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है, लेकिन शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों का कहना है कि मृतक की किसी से रंजिश हो सकती है, जिसके चलते घटना को अंजाम दिया गया हो। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।


## महत्वपूर्ण सूचना

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के संचालन अवधि में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है, निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अपने पूर्व निर्धारित समय, ठहराव एवं संरचना के अनुसार चलेंगी, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

विशेष रेलगाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार

| गाड़ी सं0 | स्टेशन से- स्टेशन तक | संचालन का दिन | विस्तारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 05045 | लालकुआँ जंक्शन-राजकोट जंक्शन | रविवार | 17.05.26 से 12.07.26 |
| 05046 | राजकोट जंक्शन-लालकुआँ जंक्शन | सोमवार | 18.05.26 से 13.07.26 |
| 04823 | जोधपुर-मऊ जंक्शन | रविवार | 24.05.26 से 12.07.26 |
| 04824 | मऊ जंक्शन-जोधपुर | मंगलवार | 26.05.26 से 14.07.26 |
| 01053 | देवलाली-दानापुर | शनिवार | 09.05.26 से अगले आदेश तक |
| 01054 | दानापुर-देवलाली | सोमवार | 11.05.26 से अगले आदेश तक |
| 04127 | *कानपुर सेन्ट्रल-गुवाहाटी | गुरुवार | 07.05.26 से 14.05.26 |
| 04128 | *गुवाहाटी-कानपुर सेन्ट्रल | शुक्रवार | 08.05.26 से 15.05.26 |
| 06597 | *यशवंतपुर जं.-योग नगरी ऋषिकेश | गुरुवार | 07.05.26 से 09.07.26 |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश-यशवंतपुर जं. | शनिवार | 09.05.26 से 11.07.26 |

नोट : • उपरोक्त गाड़ी संख्या 06597 यशवंतपुर जं.-योग नगरी ऋषिकेश विशेष रेलगाड़ी का योग नगरी ऋषिकेश स्टेशन पर आगमन 10:20 के स्थान पर 10:15 पर होगा।
• उपरोक्त गाड़ी संख्या 04127/04128 कानपुर सेन्ट्रल-गुवाहाटी विशेष रेलगाड़ी संशोधित गाड़ी संरचना सामान्य श्रेणी-06, स्लीपर-08, वातानुकूलित तृतीय-02 के साथ चलेगी।

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1010/26 (C)

# गोत्र पर अटकी शादी, भंवरी में बवाल रात भर हंगामा

## – थाने में सुलह कर लौटी बारात

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसपुरा, बांदा। कस्बे में स्थित तेजिया पैलेस में मंगलवार रात एक शादी उस वक्त बवाल में बदल गई,जब भंवरी के दौरान गोत्र पूछे जाने पर विवाद भड़क उठा। जयमाला तक सब कुछ ठीक चला, लेकिन सात फेरे से पहले ही रिश्ते में दरार आ गई। इटावा जिले के बसेवर थाना क्षेत्र की रहने वाली रिया तिवारी (19) की शादी अमारा (बांदा) निवासी प्रभू निषाद से तय थी। दोनों पक्ष, जो वर्षों से सूरत में रह रहे थे वही



उनकी शादी तय हुई थी। लड़की पक्ष पूरे इंतजाम के साथ जसपुरा पहुंचा था। अमारा से आई बारात का भव्य स्वागत हुआ। द्वारचार और जयमाला हंसी–खुशी निपट गए। टर्निंग पॉइंट वहीं आया, जब भंवरी के समय पंडित ने लड़के का गोत्र पूछा। आरोप है कि लड़का पक्ष स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। इसी बात पर दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए और देखते ही देखते शादी का मंच विवाद का अखाड़ा बन गया। फेरे रुक गए, माहौल गरमा गया। तनाव इतना बढ़ा कि बुधवार सुबह लड़की की मां मधु तिवारी बेहोश हो गईं। आनन–फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जसपुरा ले जाया गया। वहीं से पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी ऋषि देव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को थाने ले जाकर घंटों बातचीत कराई। लड़की पक्ष का आरोप था कि लड़के ने खुद को पाठक बताकर रिश्ता तय कराया, जबकि लड़का पक्ष का कहना था कि वह निषाद जाति से है और यह बात पहले से बताई गई थी। कई घंटे चली पंचायत के बाद आखिरकार थाने में सुलह हो गई और मामला शांत कराया गया। हालांकि, यह अनोखी शादी पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी रही जहां जयमाला के बाद गोत्र ने फेरे रोक दिए और शादी थाने तक पहुंच गई।

# सात मई से प्रारंभ होने वाली स्वगणना में भागीदार बने जनपदवासी : डीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत की जनगणना–2027 के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित वार्ता के माध्यम से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपदवासियों से अपील की है कि 07 मई से 21 मई तक होने वाली स्वगणना कार्य में सक्रिय भागीदारी करें तथा अधिक से अधिक नागरिकों को स्वगणना में शामिल होने के लिए जागरूक व प्रेरित करें। डीएम ने बताया कि स्वगणना के बाद जनगणना कर्मी घर–घर दस्तक देंगे। पहले चरण में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना 22 मई से 20 जून तक की जाएगी जबकि दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना 09 से 28 फरवरी तक की जाएगी। इसके बाद 01 से 05 मार्च तक जनगणना का पुनरीक्षण किया जाएगा। इस बार जनगणना में मोबाइल ऐप और आनलाइन डाटा एंट्री प्रणाली का उपयोग किया जाएगा, जिससे आंकड़े सही और तत्काल सुरक्षित हो सकें। डीएम ने बताया कि प्रदेश में गुरुवार से जनगणना–2027 की शुरुआत होने जा रही है। पहली बार होने वाली डिजिटल जनगणना में सात मई से लोगों को स्वगणना की सुविधा दी गई है, जिससे वह घर बैठे जनगणना फार्म खुद भर सकेंगे। इस प्रक्रिया में मिलने वाली एच अक्षर से शुरू होने वाली 11 अंकों की एसई–आइडी सबसे महत्वपूर्ण होगी, जिसे सुरक्षित रखना जरूरी है। यह कोई ओटीपी नहीं है बल्कि आपके द्वारा दी गई जानकारी के सत्यापन की मुख्य कुंजी होगी, जिसे 22 मई से घर–घर पहुंचने वाले गणनाकर्मियों के साथ ही साझा करना है। स्वगणना का विकल्प 21 मई तक उपलब्ध होगा। जो लोग इस अवधि में आनलाइन विवरण नहीं भर पाएंगे, वे 22 मई से घर आने वाले गणनाकर्मियों को अपनी जानकारी दे सकेंगे। जनगणना सभी के लिए अनिवार्य है। डीएम ने बताया कि स्वगणना के लिए सबसे पहले आधिकारिक पोर्टल एचटीटीपीएक. एसई डाट सीईएनएसयूएस डाट जीओवी डाट इन पर जाकर मोबाइल फोन नम्बर और नाम के जरिये पंजीकरण करना होगा। इसके बाद भाषा का चयन कर ओटीपी सत्यापन किया जाएगा। फिर पता दर्ज कर मानचित्र पर अपने घर को चिह्नित करना होगा। अंत में 33 सवालों की प्रश्नावली भरकर सबमिट करने पर एसई आइडी प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि 22 मई के बाद जब गणनाकर्मी घर पहुंचेंगे तो उनका पहचान पत्र देखने के बाद ही यह नंबर साझा करना होगा। यदि दी गई यह जानकारी रिकार्ड से मेल खाती है, तो डाटा स्वीकार कर लिया जाएगा, अन्यथा नई जानकारी दर्ज की जाएगी। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की है कि जनगणना कार्य में लगे हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरा सहयोग प्रदान करें। डीएम ने कहा कि जनगणना ही विकास योजनाओं की नींव तैयार करने का आधार है। यह पूरी प्रक्रिया सुरक्षित है और जनगणना से जुड़ी सभी जानकारी गोपनीय रखी जाती है। डीएम ने मीडिया प्रतिनिधियों से भी अपील की कि स्वयं अपना तथा अपने परिवार का डाटा फीड करें तथा आमजनमानस को भी जागरूक करें ताकि 07 से 21 मई के मध्य अधिक से अधिक लोग स्वगणना में भागीदार बन सकें। इस अवसर अपर जिलाधिकारी अमित कुमार भी मौजूद रहे।

# फर्राटा भर रहे ओवरलोड वाहन, कार्यवाही न होने से आक्रोश

न्यूज वाणी ब्यूरो




डलमऊ, रायबरेली। मुराई बाग की सभी प्रमुख सड़कों पर धड़ल्ले से फर्राटा भरते ओवरलोड वाहन विभाग के दावों और सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर रहे है। ओवरलोड लाद कर मौरंग, गिट्टी, बालू सहित अन्य निर्माण सामग्री भरकर दौड़ रहे यह वाहन हादसे को दावत दे रहे हैं और यही वाहन जाम का कारण भी बनते है। बेरोक–टोक आवाजाही परिवाहन और पुलिस विभाग के दावों पर सवाल उठा रही हैं। देखा जा रहा है कि डलमऊ की सड़कों पर सरपट दौड़ रहे ओवरलोड वाहनों और डंपरों को स्थानीय पुलिस, एआरटीओ और खनन विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों व कर्मचारियों के सिंडिकेट का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संरक्षण प्राप्त होता डलमऊ में दिखाई दे रहा हैं। डलमऊ के मुराई बाग चौराहे पर अधिकारी, दलाल और पुलिसकर्मी मिलकर ओवरलोड ट्रकों, भारी वाहनों को बिना जांच के चौराहे पर पास कराने का गोरखधंधा चला रहे है। इस तरह प्रशासन की खामोशी पर सवाल खड़े कर रहा है तमाम सख्ती के दावों के बावजूद मुराई बाग मुख्य चौराहे और चौकी के सामने से गुजरते ओवरलोड वाहन जो स्थानीय पुलिस की मिलीभगत की ओर इशारा करते हैं। ओवरलोडिंग पर कार्यवाही नहीं होने से तमाम सवाल खड़े कर रहा। आखिर किसके संरक्षण में ओवरलोडिंग का खेल चल रहा हैं? स्थानीय प्रशासन क्यों नहीं कार्यवाही करता है? क्या स्थानीय प्रशासन की मिलीं भगत से ओवरलोड वाहन गुजरते है? ऐसे बहुत सारे सवाल हैं जो प्रशासन पर सीधे सवाल खड़े करता हुआ दिखाई दे रहा है। अब देखना यह कि स्थानीय पुलिस प्रशासन ओवरलोड वाहनों को किस तरह से देखता है और क्या कार्यवाही करता है। यह आने वाला समय तय करेगा। वही स्थानीय लोगो के साथ भाजपा नेता अंकिल दीक्षित का कहना है कि ओवरलोड ट्रक चल रहे है ज्यादा लोडिंग होने के कारण इन ट्रकों से धूल मिट्टी उड़ती है जो स्कूली बच्चों के साथ राहगीरों के आंखों में पड़ती और दुकानदारों को भी काफी समस्याएं होती हैं। प्रशासन ने लंबी सेंटिंग बना रखा है इसीलिए ओवरलोडिंग पर कार्यवाही नहीं की जा रही हैं।

# शौचालयों को हजम कर करोड़ो के घोटाले : शिव प्रकाश

## - संविदाकर्मी द्वारा घोटाले के बाद नौकरी छोड़कर समाजवादी पार्टी में वि0स0 टिकट की दावेदारी

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। भ्रष्टाचार पराकाष्ठा से अर्जित धन मुंगेरी लाल के सपनों की तरह चौन से बैठने नहीं देता? प्रकरण वि०ख० हरगांव से जुड़ा है। वहां वर्ष दो हजार पंद्रह में तैनात संविदा कर्मी नीरज भार्गव द्वारा वित्तीय वर्ष 2015–16 में ही एक हजार चार सौ नब्बे, 2016–17 में पांच सौ बान्नवे, वर्ष 2017–18 में एक हजार नौ सौ बारह व 2018–19 में दस हजार एक सौ छान्नवे के साथ वर्ष 2019–20, 2020–21 व 2021–22 तक विकास खंड की समस्त ग्राम पंचायतों हेतु शौचालयों के लिए उपलब्ध धनराशि में आधी धनराशि हजम कर अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था और योजना कागजों में सिमट कर धरातल में दफन हो गई थी। दसियों करोड़ के इस घोटाले में अर्जित धनराशि से कुछ ही समय में सामान्य जीवन यापन करने वाले महोदय लग्जरी गाड़ियों के साथ हरगांव विधानसभा से विधान सभा चुनाव में बतौर संभावित सपा प्रत्याशी लगी हुई हजारों होर्डिंग और पोस्टरों के अलावा दिन रात के भ्रमण में खर्च हो रही अर्जित धनराशि एक ऐसा सवालिया प्रश्न है जो समूची हरगांव विधानसभा में चर्चा का विषय बन चुका है। किसान मंच राष्ट्रीय सचिव/प्रदेश प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि इस प्रकरण में जांच हेतु मुख्यमंत्री से साक्ष्य व प्रमाणों के साथ किसान मंच द्वारा जांच की मांग की गई है। हीलाहवाली की स्थिति में संगठन धरना प्रदर्शन और आंदोलन के लिए बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# प्रधान पर भ्रष्टाचार का आरोप, ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिलाधिकारी कार्यालय से मामला सामने आया है। जहां पर तेरा ब गांव के ग्रामीण जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी को लिखित शिकायत पत्र दिया। बता दें कि नरैनी विकास खंड के ग्राम तेरा ब निवासी कमलेश कुमार पुत्र भोला ने जिला प्रशासन को एक लिखित शिकायत सौंपी है, जिसमें उन्होंने ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों पर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार



और सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता कमलेश कुमार ने अपने आवेदन में बताया कि उन्होंने 20 जनवरी 2026 को भी ग्राम प्रधान के खिलाफ एक प्रार्थना पत्र दिया था। इसमें प्रधान द्वारा ग्राम पंचायत तेरा ब के विकास कार्यों में की गई अनियमितताओं और सरकारी धनराशि के दुरुपयोग, गबन की शिकायत की गई थी। आवेदन के अनुसार, प्रधान व सचिव ने विकास कार्यों में मिली सरकारी राशि का दुरुपयोग किया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच अधिकारी और सहायक अभियंता को भी प्रभावित कर लिया गया, जिसके चलते जांच रिपोर्ट में अनियमितताएं दबा दी गईं। शिकायत के कई महीने बीत जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कमलेश कुमार ने जिलाधिकारी से मांग कि है कि ग्राम प्रधान, सचिव और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध तत्काल जांच कराई जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में इतनी बड़ी राशि का गबन होना बेहद गंभीर मामला है। मांग है कि उक्त प्रकरण को स्थानीय स्तर पर निष्पक्ष जांच करवाकर कार्यवाही कराई जाये।

# 93 श्रमिकों की बेटियों व अविवाहित महिला निर्माण श्रमिकों का विवाह सम्पन्न



न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। श्रम विभाग द्वारा गेंद घर के मैदान में देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों बहराइच, गोण्डा, बलरामपुर व श्रावस्ती के पंजी.त निर्माण श्रमिकों की बेटियों एवं अविवाहित महिला निर्माण श्रमिकों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कन्या विवाह अनुदान सहायता योजना के अंतर्गत 93 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक बलहा सरोज सोनकर, मंत्री श्रम, सेवा योजन एवं समन्वय उ.प्र. की प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी गोण्डा बीना राय व अन्य गणमान्य व संभ्रान्तजन, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, सीडीओ सुनील कुमार धनवंता, उप श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, उपश्रमायुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा ने नवविवाहित जोड़ों सुखमय दाम्पत्य जीवन के लिए आर्थिवाद एवं शुभकामनाएं दीं तथा स्वी.ति पत्र का वितरण किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उप श्रमायुक्त मोदियानी द्वारा उपस्थित सभी महानुभवों का स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित 93 जोडों के सापेक्ष वधु के माताधिपिता (जो भी आवेदनकर्ता पंजी.त श्रमिक हो) अथवा स्वयं पंजी.त महिला श्रमिक के विवाह करने पर उनके बैंक खाते में 85000 मात्र की हितलाभ धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से प्रेषित की जायेगी।

# रजिस्ट्री कार्यालय के स्थानांतरण के विरोध में बार का हंगामा

## - आयकर व बिक्रीकर कार्यालय को कलेक्ट्रेट में स्थापित करने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सब रजिस्ट्रार निबन्धन कार्यालय को पुरानी तहसील से हटाकर मौजा माहपुर



में स्थापित किए जाने के विरोध में बुधवार को जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर हंगामा किया तत्पश्चात मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर रजिस्ट्री कार्यालय व आयकर बिक्रीकर कार्यालय को कलेक्ट्रेट में स्थापित किए जाने की मांग की। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह व महामंत्री अनुराग नरायण मिश्र की अगुवई में पदाधिकारी व अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां अपनी मांगों को लेकर हंगामा किया तत्पश्चात सीएम को संबोधित सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में सब रजिस्ट्रार निबन्धन कार्यालय पुरानी तहसील में कार्यरत है। उसे हटाकर राजस्व ग्राम माहपुर में स्थापित किए जाने हेतु पालिका द्वारा भूमि का आवंटन किया गया है। बताया कि रजिस्ट्रार कार्यालय पुरानी तहसील व आयकर कार्यालय नप्पी का हाता हरिहरगंज में कार्यरत है। जिनके द्वारा अपने विभाग के नाम भूमि भी क्रय कर ली है। बिक्रीकर व आयकर कार्यालय स्थापित होने हेतु प्रस्तावित किया है जो मुख्यालय से छह किलोमीटर की दूरी वीरान स्थान पर है। जहां पर आने जाने व रूकने पर किसी तरह की कोई सुरक्षित जगह नहीं है। इसके अलावा रजिस्ट्रार कार्यालय एवं बिक्रीकर व आयकर कार्यालय खोले जा सकते हैं। जिससे आम जनमानस व अधिवक्ताओं के साथ ही आम नागरिकों को उसका उचित लाभ मिलेगा। दूरस्थ जगह कार्यालय स्थापित होने से भ्रष्टाचार व अवैध वसूली बढ़ेगी। मांग किया कि माहपुर में प्रस्तावित स्थल को समाप्त करके कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित करने हेतु नया प्रस्ताव बनाकर अनुमोदित कराकर सीएम को प्रस्ताव प्रेषित किया जाए। इस मौके पर अधिवक्ताओं में आशुतोष यादव, तारक सिंह, अमित सिंह, सुशील कुमार सिंह, पीके उमराव, श्रीराम पटेल, मो0 शाहजहां, रंजीत कुमार मौर्य, जगनायक सचान, रंजीत सिंह पटेल, शरद तिवारी, अभिषेक शर्मा, हरिवंश कुमार, संजय कुमार, सुभाष चन्द्र, आनन्द प्रकाश, बलराम सिंह यादव, रमेश चन्द्र सचान, विपिन अवस्थी सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

# विद्यालय से कई दिनों से लापता शिक्षक, नौनिहालों के भविष्य से खिलवाड़

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाबागंज, बहराइच। विकास खंड नवाबगज क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गंगापुर धौकलपुरा में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतरती नजर आ रही है। यहां तैनात शिक्षक कई दिनों से विद्यालय से गायब हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जिम्मेदार अधिकारी भी इस मामले में उदासीन बने हुए हैं। ग्रामीणों परशुराम, कश्यप, मुकेश कोइली,




कंच्छेद, बरसाती लाला, गयादीन और सुरेश ने बताया कि विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अंजनी पाल पिछले कई महीनों से स्कूल नहीं आ रही हैं। वहीं सहायक अध्यापक कैलाश भी कई दिनों से अनुपस्थित चल रहे हैं। ऐसे में पूरे विद्यालय की जिम्मेदारी केवल शिक्षामित्र के भरोसे चल रही है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता लगातार गिर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरोप यह भी है कि शिक्षक घर बैठे वेतन उठा रहे हैं और उन्हें किसी प्रकार की कार्यवाही का भय नहीं है। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने मामले को दिखवाने की बात कही, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम सामने नहीं आया है। ग्रामीणों में इसको लेकर भारी आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अब देखना यह है कि शिक्षा विभाग इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और नौनिहालों के भविष्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ पर कब तक रोक लगती है।

# पुलिस पेंशनर्स की बैठक में उमड़ा आक्रोश, केंद्र सरकार के नए बिल के विरोध का लिया गया निर्णय

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस पेंशनर कल्याण संस्थान (जनपदीय इकाई) की मासिक बैठक बुधवार को पुलिस रेडियो मुख्यालय स्थित पोलनेट भवन में आयोजित की गई। पूर्व आई.



जी. एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री आर.के. चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पेंशनरों की समस्याओं और केंद्र सरकार के हालिया फैसलों पर गंभीर चर्चा हुई। प्रमुख मुद्दों पर हुई कार्रवाई बैठक के दौरान सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों की स्थानीय समस्याओं पर त्वरित निर्णय लिए गए विकास कार्यों पर पत्राचाररू सेवानिवृत्त पुलिस निरीक्षक श्री ए.के. त्रिपाठी के प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए अध्यक्ष ने उपाध्यक्ष (लखनऊ विकास प्राधिकरण) और नगर आयुक्त को अर्ध–शासकीय पत्र भेजने के निर्देश दिए चिकित्सा प्रतिपूर्तिरू पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से आए लिपिक को पेंशनर्स के मेडिकल रीइंबर्समेंट संबंधी लंबित मामलों को जल्द निपटाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। केंद्र सरकार के बिल पर जताई चिंता बैठक में सबसे संवेदनशील मुद्दा मिथिलेश सिंह (सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक) द्वारा उठाया गया। उन्होंने हाल ही में जयपुर में आयोजित श्अखिल भारतीय पेंशनर एसोसिएशनश की मीटिंग के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पेंशनर्स से संबंधित पूर्व के समस्त आदेशों को निरस्त करने वाला बिल पास कराया गया है, जिससे देश भर के पेंशनरों में असुरक्षा की भावना है। सामूहिक आंदोलन की रणनीति बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक स्वर में माना कि सरकार की मंशा पेंशनरों के प्रति अनुकूल नहीं दिख रही है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पेंशनर्स इस बिल के दुष्प्रभावों का व्यापक प्रचार–प्रसार करेंगे उचित मंचों पर सामूहिक रूप से अपनी बात रखकर विरोध दर्ज कराएंगे करोड़ों पेंशनरों के हितों की रक्षा के लिए गंभीर कानूनी और प्रशासनिक पैरवी की जाएगी। बैठक के अंत में अन्य किसी समस्या के अभाव में अध्यक्ष महोदय द्वारा चर्चा का समापन किया गया। इस दौरान संस्थान के विभिन्न पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# हत्या के आरोप में पिता-पुत्र को आजीवन कारावास

## - न्यायाधीश ने लगाया एक-एक लाख रूपए का जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो



फतेहपुर। साक्ष्य छिपाने के लिए सिर धड़ से अलग कर हत्या करने के आरोप की सुनवाई करते हुए विद्वान न्यायाधीश ने पिता–पुत्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए एक–एक लाख रूपए के जुर्माना लगाया है। बताते चलें कि 25 फरवरी 2024 को रात दस बजे नरेन्द्र सिंह निहालपुर इब्राहीमपुर थाना सुल्तानपुर घोष से बिना बताए चला गया था। ये हाल में ही सूरत में छुट्टियों पर आया था। 27 फरवरी 2024 को थाना सुल्तानपुर घोष के अंतर्गत महन्ना के जंगल में सिर कटी लाश मिली। परिवार वालों को जानकारी हुई तो उस लाश की पहचान नरेन्द्र सिंह के रूप में हुई। हाथ व गले में बने टैटू व कपड़ों से पहचान हुई। भाई जितेन्द्र सिंह ने अज्ञात में एफआईआर कराई। दौरान विवेचना खुलासा हुआ कि बगल के गांव सेमौरी कटियापर के बृजेश पटेल व उसके पुत्र ने बेटी से अवैध संबंधों के शक में अपने घर बुलाकर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। सिर काटकर दूर फेंक आए कि लाश की पहचान न हो सके परन्तु डीएनए रिपोर्ट में सिर व धड़ एक ही व्यक्ति का होना व वादी जितेन्द्र से मेल खाने से सारी कहानी स्पष्ट हो गई। अभियोजन की ओर से प्राइवेट वरिष्ठ अधिवक्ता सै0 नाजिश रजा एडवोकेट ने पैरवी की। एएसजे एफटीसी कोर्ट नं0 2 अजय कुमार ने दोनों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास व एक–एक लाख रूपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। वादी जितेन्द्र ने कहा कि ये न्याय की जीत है। कहा कि अधिवक्ता सै0 नाजिश रजा की कड़ी मेहनत से ये संभव हो पाया है।

# हॉकी खिलाड़ी के आकस्मिक निधन पर जताया शोक

## - प्रतिभाशाली व अनुशासिक खिलाड़ी थे वैभव मिश्रा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के शांतीनगर स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ी वैभव मिश्रा के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक सभा का आयोजन किया गया। स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों, कोच व जनपद के खेल



प्रेमियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में उपस्थित जिला हॉकी संघ के सचिव लखन सिंह ने वैभव मिश्रा के खेल के प्रति समर्पण, अनुशासन एवं उनके उज्जवल भविष्य की संभावनाओं को स्मरण करते हुए इसे खेल जगत के लिए अपूर्णनीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि वैभव एक प्रतिभाशाली एवं अनुशासित खिलाड़ी थे, जिनकी कमी सदैव महसूस की जाएगी। इस अवसर पर स्टेडियम के प्रशिक्षकों एथलेटिक्स कोच आरिफ खान, खेलो इंडिया एथलेटिक्स कोच जितेन्द्र यादव, हैंडबाल कोच मोहित यादव, क्रिकेट कोच पुष्पेन्द्र सिंह परिहार, कार्यालय स्टाफ में सहायक अरुण शर्मा, मनीष कुमार, खिलाड़ियों के साथ ताइक्वान्डो कोच राजकुमार, आदित्यांश, शुभम गुप्ता, शुमित सौरभ, ध्यान, वात्सल्य तिवारी, धीरेन्द्र गोयल, आयुष गुप्ता, अमित ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा के प्रति संवेदना प्रकट की। ईश्वर से उनके परिवार को इस दुखद घड़ी में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष 28 अप्रैल को वैभव मिश्रा की पुण्यतिथि के रूप में मनाते हुए स्पोर्ट्स स्टेडियम में विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिससे उनकी स्मृति को सदैव जीवित रखा जा सके।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र शिवम का जन्म दिनांक 13.01.2021 को ग्राम खैरहा मजरे सेमरी पोस्ट छिछनी विकास खण्ड हसवा जिला फतेहपुर में हुआ था। माता का नाम सीमा देवी है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। रविशंकर पुत्र रामविशाल निवासी ग्राम मोहम्मदपुर पोस्ट गाजीपुर विकास खण्ड बहुआ जिला फतेहपुर।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी/प्रार्थनी गुले हाशमी पत्नी मोहद गुफरान खान, निवासी मोहल्ला हजरत गंज, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ0प्र0) की पुत्री गौसिया खातून पुत्री मोहम्मद गुफरान खान का जन्म दिनांक. 23.11.2020 को निजी आवास में ही हुआ है अज्ञानतावश अब तक जन्म प्रमाण नहीं बन सका है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नहीं बना है। किसी प्रकार का वाद.विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। गुले हाशमी पत्नी मोहद गुफरान खान निवासिनी मोहल्ला हजरत गंज, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ0प्र0)

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सोनू कुमार का जन्म दिनांक 01.04.2006 को घर पर हुआ था। माता का नाम श्रीमती कुसुम कली है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। धुन्नी लाल पुत्र कल्लू निवासी ग्राम मोहारी थोक शाह, ब्लाक बहुआ तहसील व जिला फतेहपुर।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# शादी से इनकार पर महिला ने थाने में खाया जहर, मचा हड़कंप

## - पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ललौली थाना परिसर में बुधवार को उस समय अफरा–तफरी मच गई, जब एक महिला ने कथित तौर पर शादी से इनकार किए जाने से आहत होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है। जानकारी के अनुसार बिंदकी कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली महिला की शादी ललौली थाना क्षेत्र के हरियापुर गांव निवासी एक युवक से हुई थी। शादी के बाद वह करीब छह वर्ष तक ससुराल में रही। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक अन्य युवक के संपर्क में आई और करीब चार वर्ष पूर्व उसके साथ कानपुर चली गई, जहां दोनों साथ रह रहे थे। महिला का आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर लंबे समय तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए, लेकिन अब विवाह से इंकार कर दिया। पीड़िता ने करीब 20 दिन पहले बिंदकी कोतवाली में लिखित शिकायत दी थी, पर कार्रवाई न होने का आरोप है। इसके बाद वह युवक के गांव हरियापुर पहुंची, जहां उसके साथ अभद्रता किए जाने की भी बात कही जा रही है। पीड़िता का कहना है कि उसने ललौली थाने में भी शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। लगातार उपेक्षा से आहत होकर उसने थाने परिसर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे वहां हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि महिला का प्रार्थना पत्र मिलने पर युवक को, जो नौकरी के सिलसिले में पुणे में था, बुलाया गया था और दोनों की काउंसिलिंग कराई जा रही थी। इसी दौरान महिला बाहर जाकर पास की दुकान से डाई खरीदकर पी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया। उन्होंने बताया कि महिला के परिजनों की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। महिला के बयान भी दर्ज कर लिए गए हैं और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं, खासकर पहले की गई शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई न होने को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चा बनी हुई है।

# शिवपुरम कालोनी में दिनदहाड़े बीस लाख की चोरी

## - चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना, जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र की शिवपुरम कॉलोनी में बुधवार को दिनदहाड़े हुई चोरी की



वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। अज्ञात चोरों ने एक सरकारी कर्मचारी के बंद घर को निशाना बनाते हुए करीब बीस लाख रुपये के सोने–चांदी के जेवरात और पचास हजार रुपये नगद पार कर दिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के बाभनपुरवा गांव निवासी आनंद कुमार त्रिवेदी पिछले दो वर्षों से शहर के कलक्टरगंज स्थित शिवपुरम कॉलोनी में परिवार के साथ रह रहे हैं। बुधवार सुबह वह रोज की तरह ड्यूटी पर चले गए थे, जबकि उनकी पत्नी बीनू त्रिवेदी करीब 11 बजे बच्चों के साथ मायके बड़नपुर में आयोजित पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने चली गईं। इसके बाद मकान पूरी तरह सूना हो गया। इसी दौरान चोरों ने बंद घर को निशाना बनाया। मुख्य गेट का ताला तोड़ने के बजाय उसे फैलाकर अंदर घुसे बदमाशों ने घर के कमरों में रखे सामान को खंगाल डाला। स्टोर रूम में रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखे कीमती जेवरात और नगदी पार कर दी। शाम करीब चार बजे जब आनंद कुमार त्रिवेदी घर लौटे तो गेट की स्थिति देखकर उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। अंदर पहुंचने पर घर का सामान बिखरा पड़ा मिला और अलमारी का लॉकर टूटा देख उनके होश उड़ गए। इसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से कॉलोनीवासियों में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपितों को गिरतार किया जाएगा।

# एसपी ने महिला थाने में की जनसुनवाई

## - शिकायतों के निस्तारण व कानून व्यवस्था पर कसे पेंच

## - सीसीटीएनएस अपडेट रखने व लंबित विवेचनाओं को जल्द निपटाने पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले की कानून–व्यवस्था को और सु.ढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने महिला थाने में जनसुनवाई आयोजित की। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें रखीं, जिन्हें एसपी ने गंभीरता से सुना। एसपी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और पारदर्शिता सर्वोपरि होनी चाहिए। जनसुनवाई के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने महिला थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना




परिसर की साफ–सफाई, अभिलेखों का रख–रखाव, मालखाना, हवालात समेत अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश मौके पर ही दिए गए। इसके बाद आयोजित बैठक में एसपी ने सीसीटीएनएस प्रणाली की स्थिति, लंबित प्रकरणों के निस्तारण, विवेचनाओं की गुणवत्ता तथा कानून–व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीसीटीएनएस को नियमित रूप से अद्यतन रखा जाए और लंबित विवेचनाओं को शीघ्रता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विवेचनाएं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरी हों, जिससे पीड़ितों को न्याय मिल सके और पुलिस व्यवस्था पर आमजन का विश्वास और मजबूत हो।

# अघोषित विद्युत कटौती पर परिषद ने जताई नाराजगी

## - डीएम को ज्ञापन सौंपकर उत्तरी व दक्षिणी जोन के लिए स्वचलित ट्रांसफार्मरों की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अरुण



जायसवाल के नेतृत्व में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स से मिलकर पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। परिषद के जिलाध्यक्ष ने बताया कि बताया कि इस समय नगर सहित पूरे जनपद में अघोषित विद्युत कटौती से जनजीवन बेहाल गया है। छोटे व मझोले उद्योग धंधे विद्युत कटौती के कारण बंदी के कगार पर पहुंच गए हैं, जिससे व्यापारी समाज को काफी आर्थिक क्षति पहुंच रही है। परिषद के राष्ट्रीय महासागर महासचिव विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि स्मार्ट मीटर के उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए अलग से व्यवस्था करके समस्याओं को सरलीकरण करते हुए एक निश्चित समय अवधि पर बिल को सुधारने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे विद्युत उपभोक्ता को विभाग के चक्कर बार बार न लगाने पड़े। परिषद के युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिम्पल ने कहा कि ट्रांसफार्मर जल जाने कि इस स्थिति में क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को तत्कालीन राहत प्रदान करने के उद्देश्य से स्वचलित ट्रांसफार्मर की व्यवस्था जोन के हिसाब से उत्तरी एवं दक्षिणी जोन में 2–2 ट्रांसफार्मरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिससे आगामी गर्मी में जनजीवन सुव्यवस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करें कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के लिए आए हुए फोन कॉल सीओजी नंबर को तुरंत उठाने का काम करें एवं फोन न उठाने पर कार्रवाई की जाए। इस मौके पर मुख्य रूप से परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्ता, युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिम्पल, नारायण गुप्ता, रंजन रज्जन गुप्ता, विनय फौजी, मनीष कुमार गुप्ता, राधेश्याम हयारण, वेद प्रकाश गुप्ता, राजीव पोरवाल, सतेंद्र गुप्ता, संतोष गुप्ता, अनीत अगहरि, गौरव गुप्ता, आशीष अगहरि, मनोज सोनी आदि रहे।

### अदालती नोटिस

न्यायालय सिविल जज (सी0 डि0) फतेहपुर
प्रकीर्ण वाद सं0– 94/70 सन 2026 ई0

1.श्रीमती सीमा पत्नी भगवानदीन आयु लगभग 43 वर्ष निवासी ग्राम पहरवापुर पोस्ट कोरसम तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर। 2.श्रीमती लौंग श्री उर्फ राम श्री पत्नी सूरज पाल आयु लगभग 41 वर्ष निवासी ग्राम पहरवापुर पोस्ट कोरसम तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर। 3.श्रीमती अंशू पत्नी शमशेर पुत्री स्व0 रामस्व0रूप आयु लगभग 23 वर्ष निवासी ग्राम सनगांव तहसील व जिला फतेहपुर। 4.रचना देवी पत्नी सुशील पुत्री स्व0 रामस्व0रूप निवासी ग्राम आधारीपुर सनगांव तहसील व जिला फतेहपुर।

.........प्रार्थीगण

बनाम

श्रीमती ननकी उर्फ रामरानी पत्नी राजेन्द्र पुत्री स्व0 रामस्वरूप आयु लगभग 37 वर्ष निवासी ग्राम महमूद पोस्ट कोरसम तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

........विपक्षीगण प्रार्थना पत्र अ0 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम आपने बमोजिब ऐक्ट नं0 39 सन् 1925 अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम हरगाह श्रीमती सीमा पत्नी भगवानदीन नें दरख्वास्त वसूल सर्टीफिकेट गुजराई है और दिनांक 02 माह 07 सन 2026 वास्ते दरख्वास्त के मुकर्रर की जाती है लेहाजा यह इश्तेहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को निस्वत दरख्वास्त सर्टीफिकेट के उज्र हो व असालतन या वकालन तारीख मुकर्ररा पर 10:00 बजे सुबह न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर में हाजिर होकर अपना उज्र पेष करे दरसूरत इन्केजाय दिनांक मजकूर के फिर उज्र किसी का सुना न जायेगा और हुकुम मुनासिब निस्वत मजकूर के सादिर होगा। दिनांक 05 माह 05 सन् 2026 वास्ते उजुरदारी व समात दरख्वास्त मुकर्रर की जाती है। अलमरकूम माह सन् 202 को नोटिस जारी की गयी।

मुंसरिम
न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर।

# ग्रामीणों ने विधायक से की ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बहुआ विकास खण्ड स्थित ग्राम खटौली के ग्रामीणों को जल्द ही बिजली की किल्लत से राहत मिल सकती है। गांव में व्याप्त लो–वोल्टेज और ओवरलोडिंग की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एक बार फिर क्षेत्रीय विधायक विकास गुप्ता से मुलाकात की। ग्रामीणों ने गांव में वर्तमान में लगे 25 केवीए के ट्रांसफार्मर को हटाकर उसकी जगह 65 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग रखी। ग्रामीणों ने विधायक को सौंपे गए मांग पत्र में स्पष्ट किया कि वर्तमान ट्रांसफार्मर कम क्षमता का होने के कारण आए दिन फुंक जाता है, जिससे पूरी बस्ती अंधेरे में डूब जाती है। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों को इस बाबत तत्काल निर्देशित किया जाए, ताकि विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही अमल में लाई जा सके और ग्रामीणों को सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राजा सिंह कछवाह के नेतृत्व में ग्रामीणों का बड़ा प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहा। मुलाकात के दौरान पूर्व प्रधानाचार्य लाखन सिंह, भाजपा बूथ अध्यक्ष रोहित सिंह, इंद्रजीत यादव, अनिल कुमार, राधेश्याम, सोनू सिंह, रामदास, सरला देवी, वृजेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, महादेव सिंह, उर्मिला देवी, ज्ञानवती, अनारकली और सुनीता देवी समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए विधायक विकास गुप्ता ने उन्हें सकारात्मक आष्वासन दिया। विधायक ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है और वे इस संबंध में जल्द ही बिजली विभाग के आला अधिकारियों से बात करेंगे ताकि गांव की विद्युत क्षमता में वृद्धि कराई जा सके।

### सूचना

यह सूचित किया जाता है कि प्रार्थी/प्रार्थनी शमा परवीन पत्नी नईम खान, निवासी/ ग्राम टिकरी मनोटी तहसील बिनकी, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) की पुत्री अक्सा खातून पुत्री नईम खाँ का (जन्म दिनांक– 18/10/2002) को नाना/नानी के आवास में म न – 1094, ग्राम व पोस्ट ललौली वि खण्ड– असोथर तहसील व जिला फतेहपुर मे ही हुआ है अज्ञानतावश अब तक जन्म प्रमाण नहीं बन सका है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नहीं बना है। किसी प्रकार का वाद–विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। प्रार्थी शमा परवीन पत्नी नईम खान पताः निवासी मोहल्ला टिकरी मनोटी, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.)

### सूचना

यह सूचित किया जाता है कि प्रार्थी/प्रार्थनी सबा परवीन पत्नी मो यूसुफ, निवासी मोहल्ला हजरत गंज, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) की पुत्री जारा शेख पुत्री मो यूसुफ का (जन्म दिनांक– 04/11/2019) को निजी आवास में ही हुआ है अज्ञानतावश अब तक जन्म प्रमाण नहीं बन सका है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नहीं बना है। किसी प्रकार का वाद–विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। प्रार्थी सबा परवीन पत्नी मो यूसुफ पता– निवासी मोहल्ला हजरत गंज, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) 212661.

### सूचना

यह सूचित किया जाता है कि प्रार्थी/प्रार्थनी अखतरी बानो पत्नी इकबाल शाह, निवासी मोहल्ला सात आना, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) की पुत्री/पुत्र तैमूर शाह पुत्र इकबाल शाह का (जन्म दिनांक– 29/03/2022) को निजी आवास में ही हुआ है अज्ञानतावश अब तक जन्म प्रमाण नहीं बन सका है। मेरी पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नहीं बना है। किसी प्रकार का वाद–विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। प्रार्थी अखतरी बानो पत्नी इकबाल शाह पता–निवासी मोहल्ला सात आना, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) 212661.

### सूचना

यह सूचित किया जाता है कि प्रार्थी/प्रार्थनी अखतरी बानो पत्नी इकबाल शाह, निवासी मोहल्ला सात आना, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) की पुत्री तसमिया खातून पुत्री इकबाल शाह का (जन्म दिनांक– 05/09/2024) को निजी आवास में ही हुआ है अज्ञानतावश अब तक जन्म प्रमाण नहीं बन सका है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नहीं बना है। किसी प्रकार का वाद–विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। प्रार्थी अखतरी बानो पत्नी इकबाल शाह पता– निवासी मोहल्ला सात आना, ग्राम व पोस्ट ललौली, थाना ललौली, जिला फतेहपुर (उ.प्र.) 212661.



# संदिग्ध हालत में युवक ने लगाई फांसी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम गोपलापुर मजरे कुसुम्भी में संदिग्ध परिस्थितियों में 25 वर्षीय युवक ने गांव के बाहर जंगल में पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार गोपलापुर मजरे कुसुम्भी निवासी रामभवन के पुत्र राहुल ने संदिग्ध अवस्था ने गांव के बाहर जंगल में नीम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो रोते–बिखलते परिजन मौके पर पहुंचे। घटना की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाबत जानकारी पोस्टमार्टम हाउस में भाई सुमेन्द्र ने दी है।

# लू से बचाव की जानकारी देकर वितरित किया ओआरएस

न्यूज वाणी ब्यूरो

धाता, फतेहपुर। एसबीआईएफ संजीवनी क्लीनिक ऑन व्हील्स कार्यक्रम के तहत ग्राम उकाथू



में चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया टीम ने हीट स्ट्रोक (लू) से बचाव को लेकर जागरूकता सत्र आयोजित किया। ग्रामीणों को लू के कारण, लक्षण व बचाव के आसान उपायों के बारे में जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया गया कि गर्मी के मौसम में अधिक पानी पिएं, तेज धूप से बचें, सिर ढककर रखें और हल्के कपड़े पहनें। साथ ही चक्कर आना, कमजोरी और अधिक पसीना आना जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान निःशुल्क ओआरएस के पैकेट भी वितरित किए गए जिससे लोगों को गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचाव की जानकारी दी जा सके। प्रोजेक्ट मैनेजर मृत्युंजय पांडेय ने बताया कि लू से बचाव के लिए समय पर सावधानी बहुत जरूरी है। नियमित पानी पीना और धूप से बचना ही सबसे अच्छा उपाय है। यह पहल ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# गौवध बंदी के संकल्प के साथ उतरेगी गविष्ठी धर्म यात्रा

## - सभी छह विधानसभाओं में होगा जनजागरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सनातन परंपरा और गौ संरक्षण के संदेश को



जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में प्रस्तावित गविष्ठी धर्म यात्रा को लेकर शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में एक रेस्टोरेंट में आयोजित बैठक में यात्रा के रूट, स्वागत कार्यक्रमों और जनजागरण अभियान को लेकर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने यात्रा को सफल बनाने के लिए व्यापक रणनीति तय की। बताया गया कि ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के नेतृत्व में निकाली जा रही यह गविष्ठी धर्म यात्रा गौ माता की सुरक्षा, गौ वध पर पूर्ण प्रतिबंध और गौ माता को राष्ट्रमाता/राज्यमाता घोषित कराने की मांग को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में जनजागरण अभियान चला रही है। काशी से आए शंकराचार्य के शिष्य सचिन द्विवेदी ने बैठक में जानकारी देते हुए बताया कि यह यात्रा 27 मई को तिंदवारी बांदा से फतेहपुर जनपद में प्रवेश करेगी। यहां से यात्रा मुतौर, बहुआ, गाजीपुर, जागेष्वर धाम, असोथर, नरैनी, विजयीपुर और खागा होते हुए संवत ग्राम में रात्रि विश्राम करेगी। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा स्वामी जी का भव्य स्वागत किया जाएगा। दूसरे दिन 28 मई को यात्रा थरियांव, लोधीगंज, तांबेष्वर मंदिर, मलवां, बिंदकी, बावनी इमली, खजुहा और कापिल होते हुए जहानाबाद में संपन्न होगी। यात्रा के दौरान जगह–जगह सभाएं कर गौ संरक्षण और सनातन धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। बैठक में गविष्ठी जिला संयोजक शिवाकांत तिवारी, सुधाकर अवस्थी, ब्राह्मण चेतना मंच के अध्यक्ष संजय तिवारी पप्पू, सुरेश शुक्ला, हिमांशु अवस्थी, ओम प्रकाश गिहार, डीपी दुबे, शीलू अवस्थी, अशोक दुबे, कुलदीप शास्त्री, उदित अवस्थी और आदित्य शुक्ला सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बरातियों से भरी बस डंपर से टकराकर पलटी, डेढ़ दर्जन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बंवारा पेट्रोल पम्प के समीप बुधवार की भोर अनियंत्रित होकर बरातियों से भरी बस रोड किनारे खड़े डंपर से टकराकर पलट गई। जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक बराती घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चालक सहित पांच लोगों की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के सिमौर गांव निवासी स्व0 गोवर्धन के 25 वर्षीय पुत्र राहुल की बारात किशनपुर थाना क्षेत्र के सिमली गांव गई थी। बताते हैं कि रात लगभग साढ़े तीन बजे लौटते समय जैसे ही बस बंवारा के समीप पेट्रोल पम्प के पास पहुंची तभी अचानक चालक को झपकी आ गई जिससे रोड किनारे खड़े डंपर से टकराकर पलट गई। हादसे के बाद बस में चीख–पुकार मच गई। आस–पास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को बाहर निकाला। हादसे में सत्यम पुत्र शिव प्रसाद 6 वर्ष, पिता शिव प्रसाद पुत्र स्व0 ननकवा 45 वर्ष निवासीगण बबुआ पिनारा थाना मरका जनपद बांदा, श्रीराम पुत्र बोधी प्रसाद 45 वर्ष निवासी बेसड़ी थाना असोथर, सचिन पुत्र श्रीराम 15 वर्ष निवासी सिमौर थाना गाजीपुर, श्रीराम पुत्र बोधिल 40 वर्ष निवासी सिमौर, शिवनारायण कुमार पुत्र स्व0 मइयादीन 25 वर्ष, रामनरायण पुत्र रामाधीन 50 वर्ष निवासीगण अब्दुलपुर गनी थाना गाजीपुर, प्रिंस पुत्र श्रीराम 11 वर्ष, रामनरेश पुत्र स्व0 मइयादीन, रमेश चन्द्र पुत्र मेवालाल 60 वर्ष निवासी कंधईया थाना असोथर, दुर्गेश पुत्र कुमार 20 वर्ष, रमेश 50 वर्ष निवासीगण सिमौर सहित उन्नीस लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर रूप से घायल बस चालक सुल्तान पुत्र सुलेमान 40 वर्ष, रामनरेश, रमेश चन्द्र, शिव प्रसाद व श्रीराम की हालत चिंताजनक देखते हुए चिकित्सक ने कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। वहीं अन्य घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# विद्यालयों में चला मेगा जागरूकता अभियान

## - जल संरक्षण से लेकर सीपीआर तक बच्चों को मिला जीवनरक्षक प्रशिक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के आबूनगर स्थित विद्यालयों में एक व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें छात्रों को जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा, स्वास्थ्य और आपदा से बचाव के महत्वपूर्ण गुर सिखाए गए। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी, आरोग्य भारती और द होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व कार्यकारिणी सदस्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में यह अभियान मां रामश्री उदयभान सिंह इंटर कॉलेज आबूनगर और श्री डीपी सिंह पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए वॉटर बेल के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने आरओ से निकलने वाले व्यर्थ पानी को संग्रहित कर उपयोग में लाने और सड़कों पर पानी व्यर्थ न बहाने की अपील की। साथ ही शिक्षकों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण दिया




जागरूकता पत्रक वितरित कर इसे अभिभावकों तक व्हाट्सएप के माध्यम से पहुंचाने का आग्रह किया। पर्यावरण संरक्षण के तहत बच्चों को पॉलिथीन हटाओ, इकोब्रिक्स बनाओ अभियान की जानकारी दी गई, जिससे प्लास्टिक कचरे को उपयोगी रूप में बदलकर प्रदूषण को रोका जा सके। स्वास्थ्य सुरक्षा के क्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बताया गया कि एक वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को 30 बार छाती पर दबाव और 2 बार सांस देकर, तथा शिशु को 15 बार दबाव व 2 बार सांस देकर प्राथमिक उपचार के जरिए जान बचाई जा सकती है। इसके साथ ही नशामुक्ति अभियान के तहत युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में 325 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु होमियोपैथिक औषधि वितरित की गई। साथ ही हीटवेव से बचाव के लिए सिर ढककर रखने और अधिक तरल पदार्थों के सेवन की सलाह दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक ध्यान सिंह, प्रधानाचार्य केशभान सिंह, शिक्षक ज्ञान सिंह, संदीप कुमार, माया द्विवेदी, सुमन यादव तथा प्रमुख सहयोगी व आजीवन सदस्य प्रेमचंद्र मौर्य सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सांड़ के हमले से गिरा युवक, वाहन से कुचलकर मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के सौंरा के समीप एनएच–2 में मंगलवार की देर रात ड्यूटी समाप्त कर साइकिल से अपने कमरे जा रहे 26 वर्षीय युवक पर सांड़ ने हमला कर दिया। जिससे वह रोड पर गिर गया। उसी समय विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन रौंदते हुए निकल गई। घायल अवस्था में उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी शिव प्रसाद का पुत्र सुनील सौंरा स्थित प्लाईवुड फैक्ट्री में नौकरी करता था। मंगलवार को ड्यूटी समाप्त कर कमरे वापस जा रहा था। जैसे ही वह सौंरा एनएच–2 पर पहुंचा तभी सांड़ ने उस पर हमला कर दिया। वह रोड पर गिर गया। तभी विपरीत दिशा से आ रही चार पहिया वाहन रौंदते हुए निकल गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस से घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# बूथ अध्यक्ष ही संगठन के सेनापति, कार्यकर्ता हमारे सैनिक : प्रकाश

## - भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक में संगठनात्मक मजबूती पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के जेल रोड स्थित भारतीय जनता पार्टी



कार्यालय में बुधवार को आयोजित जिला कार्य समिति की बैठक में संगठनात्मक सु.ढ़ीकरण और आगामी प्रशिक्षण महाभियान को लेकर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह वर्ग प्रमुख व जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय विशेष रूप से मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि प्रकाश पाल ने अपने संबोधन में पार्टी की हालिया चुनावी सफलताओं का उल्लेख करते हुए पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी में मिली विजय पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति वंदन बिल का विरोध करने वाले दलों को जनता ने नकारना शुरू कर दिया है और आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में भी इसका असर दिखाई देगा। उन्होंने संगठनात्मक ढांचे पर जोर देते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष संगठन के सेनापति होते हैं और समिति के सदस्य सैनिक की तरह कार्य करते हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत पार्टी की मजबूती की नींव रखते हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने प्रशिक्षण महाभियान को लेकर विस्तार से जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को आगामी जिला प्रशिक्षण वर्ग के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। वहीं जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय ने संगठनात्मक कार्यप्रणाली को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने प्रस्तावना रखते हुए जिले के गौरवशाली इतिहास और सांस्.तिक विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों की प्रगति भी प्रस्तुत की, जिसका उपस्थित पदाधिकारियों ने जोरदार तालियों के साथ स्वागत किया। बैठक में विधायक .ष्णा पासवान, विकास गुप्ता, राजेंद्र पटेल, रणवेंद्र प्रताप सिंह, आदित्य पांडेय, मनोज शुक्ला, दिनेश बाजपेई, प्रमोद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर पर फिलहाल रोक, उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

## - अब 45 दिन तक नहीं कटेगा कनेक्शन

## - डीएम के सख्त निर्देश, जीरो बैलेंस पर भी मिलेगी बिजली

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले में बिजली उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश देते हुए उपभोक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। खासकर भीषण गर्मी को देखते हुए बिजली आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है और विद्युत विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में आम जनता को अनावश्यक परेशानी न हो। डीएम निधि गुप्ता वत्स ने अधीक्षण अभियंता विद्युत अनिल वर्मा को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन स्तर पर गठित तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक जनपद में कहीं भी स्मार्ट मीटर न लगाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक समिति की रिपोर्ट का परीक्षण नहीं हो जाता, तब तक पुराने मीटरों को बदलने की प्रक्रिया पूर्णतः स्थगित रहेगी। अधीक्षण अभियंता अनिल वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन उपभोक्ताओं के यहां हाल ही में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, उनके लिए विशेष राहत प्रावधान लागू किए गए हैं। इसके तहत लगभग 15 दिन की रूपांतरण अवधि तथा उसके बाद 30 दिन यानी कुल 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को अतिरिक्त राहत देते हुए यह व्यवस्था भी लागू की गई है कि जीरो बैलेंस होने की स्थिति में भी अधिकतम तीन दिन या 200 तक (2 किलोवाट भार तक) बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी। इससे उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिल सकेगी। उपभोक्ताओं को समय–समय पर सूचना देने के लिए पांच स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की गई है। इसके अंतर्गत बैलेंस 30 प्रतिशत होने पर पहला, 10 प्रतिशत पर दूसरा, बैलेंस समाप्त होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पूर्व चौथा तथा डिस्कनेक्शन के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि रविवार एवं अन्य अवकाश के दिनों में किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन न काटा जाए। उन्होंने अधिकारियों को मानवीय .ष्टिकोण अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा सर्वोपरि होनी चाहिए। डीएम ने यह भी निर्देशित किया कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन पूर्व में काटे जा चुके हैं, उनसे फोन के माध्यम से संपर्क कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने दोहराया कि उपभोक्ता संतुष्टि ही प्रशासन की




सर्वोच्च प्राथमिकता है और हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी।


## अदालती नोटिस

इत्तलानामा दरख्वास्त हुसूल हुक्म मुशइर मन्सूखी डिसमिसी नालिश

(आर्डर 9 कायदा 2)

ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर

मु0नं0– 30 सन् 2010 ई०

श्रीमती चॉदतारा बनाम मो0 शफीक अहमद खॉ आदि

नम्बर मुतफर्का 18/74 सन 2025 श्रीमती चॉद तारा उम्र करीब 50 साल पुत्री फैजुल हसन पत्नी मोहम्मद शकील खा साकिन मोहल्ला न्यू कालोनी ज्वालागंज शहर व जिला फतेहपुर।

बनाम

1.मो0 शफीक अहमद खॉ उम्र करीब 67 साल पुत्र स्व0 मोहम्मद सिद्दीक खां साकिन मौजा शेखपुर उनवा परगना, तहसील व जिला फतेहपुर।

2.मोहम्मद शकील खॉ उम्र करीब 55 साल पुत्र मोहम्मद सिद्दीक खॉ साकिन मोहल्ला न्यू कालोनी ज्वालागंज शहर व जिला फतेहपुर।

........प्रतिवादीगण/विपक्षीगण

हरगाह मुद्दई ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 06 माह 07 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 05 माह 05 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मलमुआ दिवानी सन 1907ई0)

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

मु0नं0–985 सन् 2024 ई०

1. श्रीमती रिंकी अवस्थी उम्र करीब 46 वर्ष पत्नी रमेश कुमार 2.श्रीमती मुन्नी देवी उम्र करीब 55 वर्ष पत्नी शिवकमल निवासीगण ग्राम पनई इनायतपुर, परगना, तहसील व जिला फतेहपुर।

.....वादीगण

बनाम

1. हितेश उम्र करीब 45 वर्ष पुत्र स्व0 सत्यनारायण अवस्थी निवासी ग्राम पनई इनायतपुर, परगना, तहसील व जिला फतेहपुर हालमुकीम जाफराबाद बिन्दौर, जिला फतेहपुर। 2.श्रीमती आशा त्रिवेदी उम्र करीब 48 वर्ष पत्नी श्रवण कुमार त्रिवेदी, निवासी कृष्ण बिहारी नगर, शहर व जिला फतेहपुर।

.....प्रतिवादीगण

हरगाह श्रीमती रिंकी अवस्थी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 13 माह 08 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 05 माह 05 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।

## अदालती नोटिस

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर

मुल वाद सं0– 939 सन् 2024 ई० रामराज आयु लगभग 64 वर्ष पुत्र पूर्वीदीन निवासी ग्राम व पोस्ट ललौली परगना मुत्तौर, तहसील व जिला फतेहपुर। वर्तमान निवासी ग्राम व पोस्ट मौहार, परगना व तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।

.......वादी

बनाम मो0 इमरान आयु 34 वर्ष पुत्र मो0 इदरीश खॉं निवासी मोहल्ला बाकरगंज, शहर, परगना, तहसील व जिला फतेहपुर।

.....प्रतिवादी

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 18 माह 05 सन् 2026 ई० बवक्त 07 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 05 माह 05 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत सिविल जज (जू0डि0) फतेहपुर।


स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )